
# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 162 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 11 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236


P- 3

बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख ठगे



P- 4

पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 10 इनामी बदमाश, दस दिनों में 273 वारंटी हुए



P- 5

नेतन्याहू ने अमेरिका से कहा- हथियार खत्म होने के बाद भी नाखूनों से



P- 6

द्रविड़ को मुय कोच पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा



## हैप्पी मॉर्निंग


कंजूस आदमी पंडित जी को कम पैसे देते हुए... कोई ऐसा उपाय बताइए कि पैसा ही पैसा हो जाए... पंडित जी- चिंता मत करो बालक एक ऐसा मंत्र बताउंगा जितनी बार बोलोगे उतनी बार धन की प्राप्ति होगी... रोज किसी चौक-चौराहे पर जाओ और बोलो भगवान के नाम पर दे दे रे बाबा।



## शायरी

न मैं गिरा और न मेरी उम्मीदों के मीनार गिरे,
पर कुछ लोग मुझे गिराने में कई बार गिरे

## अर्थसार



सेंसेक्स:
72,664.47
+260.30 (0.36%)
निफ्टी:
22,055.20
+97.70

## मौसम



अधिकतम : 39 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूर्योदय रविवार : 5 : 42
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 03

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल : भाजपा नेता देवराज गौड़ा चित्रदुर्ग से गिरफ्तार

### 1 अप्रैल को दर्ज हुआ केस; पीड़ित का आरोप-10 महीने तक यौनशोषण किया

बेंगलुरु। भाजपा नेता और एडवोकेट जी देवराज गौड़ा को शुक्रवार (10 मई) की रात हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक देवराज गौड़ा को चित्रदुर्ग जिले की हिरियूर पुलिस ने पेन ड्राइव में वीडियो लीक करने के आरोप में गुलीहाल टोल गेट पर गिरफ्तार किया है।

देवराज को पकड़ने के लिए हासन पुलिस को मुखबिर से खबर मिली थी। इसके बाद चित्रदुर्ग पुलिस ने इनपुट के आधार पर तलाश शुरू की। जिसके बाद उन्हें गुलीहाल टोल पर पकड़ा गया। हासन पुलिस प्रज्वल के केस में उनका बयान दर्ज करना चाहती है।



देवराज ने ही भाजपा लीडरशिप को रेवन्ना द्वारा कई महिलाओं के यौन शोषण के बारे में सचेत किया था और आगाह किया था कि वह हासन से जेडीएस सांसद को लोकसभा का टिकट न दे।

#### देवराज के खिलाफ एफआईआर में क्या आरोप है...

गौड़ा के खिलाफ शिकायत एक महिला ने अप्रैल को दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि गौड़ा ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने लगभग दस महीने तक उसका शोषण किया।

महिला के पति ने भी गौड़ा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया है कि देवराज उनके घर में जबरन घुस आया, उन्हें धमकाया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

एफआईआर के मुताबिक गौड़ा पिछले 10 महीनों से महिला को परेशान कर रहा था। वह महिला को एक सुनसान जगह पर ले गया था, जहां उसके साथ छेड़छाड़ की और महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी।

# केजरीवाल तिहाड़ से बाहर आए

### कहा- देश को तानाशाही से बचाना है, मैं इससे लड़ रहा हूं; 1 जून तक जमानत मिली



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार (10 मई) की शाम को 6 बजकर 55 मिनट पर तिहाड़ जेल से बाहर आए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है।

रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, आप से निवेदन है हमें सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं।

तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूं। आज आपके बीच आके अच्छा लग रहा है।

आज सुबह 11 कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। 1 बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 1 अप्रैल (39 दिन) से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे। इससे पहले 11 दिन वे ईडी की हिरासत में रहे। अदालत ने आज दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया।

हालांकि, उनके वकील ने 5 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी।

#### अंतरिम जमानत का आधार, कोर्ट ने कहा- 22 दिन में कोई फर्क नहीं पड़ेगा

जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे ? गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

#### ईडी की अंतरिम जमानत के विरोध में 2 दलीलें

ईडी का कहना था कि चुनाव प्रचार जमानत का आधार नहीं हो सकता, क्योंकि ये कोई मौलिक या कानूनी अधिकार नहीं हो सकता।
ईडी ने ये भी कहा था कि जमानत देने से गलत मिसाल कायम होगी।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

### बीजापुर मुठभेड़ में 2 जवान भी घायल; पिछले 131 दिन में 103 नक्सली ढेर

जगदलपुर/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। मौके से क्क्षरु बंदूक, नक्सल वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां, और विस्फोटक मिले हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ और डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं। इस साल जनवरी से अब तक 131 दिन में जवानों ने 103 नक्सली ढेर किए हैं।



जानकारी के मुताबिक, हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का गंगालूर के पीडिया में जमावड़े की सूचना मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया था। सुबह से ही DRG, STF CRPF की कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा था।

अफसरों के मुताबिक, नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई है। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने संवाददातात को बताया कि, नक्सलियों ने BGL दागा था, उसकी चपेट में एक जवान आया है, जबकि दूसरा जवान आईईडी ब्लास्ट में घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के मारे जाने की संख्या निश्चित नहीं कही जा सकती। अभी टीम लौटी नहीं है, लौटने के बाद कंफर्म होगा।

# इंडिया गठबंधन का तूफ़ान मोदी के जाने की गारण्टी : राहुल गांधी

कन्नौज। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि देश में इंडिया समूह का तूफान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जाने की गारंटी बयां कर रहा है।

कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव संग इत्रनगरी पहुंचे राहुल का अंदाज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति आक्रामक रहा। उन्होने कहा प्रदेश में विपक्षी गठबंधन



इंडिया का तूफान आ रहा है जो इस बात की गारंटी है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सबसे बड़ी जीत का दावा करते हुये उन्होंने कहा यूपी में इंडिया का तूफान आ रहा है। लिखकर ले लीजिए, हम जो कह रहे हैं वह सही होने वाला है।

हमने पिछले दो सालों में नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोली है। न्याय यात्रा के जरिए हमने देश को जगाया है। हमने अपना काम कर दिया है। यह हमारी गारंटी है कि नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

**लोकसभा चुनाव**

### 11 कैंडिडेट्स ने बताया कि उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज हुआ था

# चौथे चरण में 360 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले है दर्ज

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 1710 प्रत्याशी ताल ठोकने वाले हैं। इनमें से 360 यानी 21 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि चौथे चरण में 274 ऐसे उम्मीदवार हैं जिनके खिलाफ अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं। साथ ही इनमें से 17 को सजा भी सुनाई जा चुकी है। 11 कैंडिडेट्स ने बताया कि उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज हुआ था जो कि हत्या से जुड़े मामलों में लागू होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, चौथे चरण में 30 ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज हैं। 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 5 उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं।

प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तीन में से तीन उम्मीदवार शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 17 में से 10 उम्मीदवार, कांग्रेस के 61 में से 35 उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी के 70 में से 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की




जानकारी दी है। इसके अलावा तेलुगू देशम पार्टी के 17 में से 9 उम्मीदवार, बीजू जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के 4 में से 2 उम्मीदवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार में से दो उम्मीदवार, वाईएसआरसीपी के 25 में से 12 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के आठ में से तीन उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के 19 में से सात उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

#### 1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति

एडीआर की रिपोर्ट आपराधिक मामलों के अलावा उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के बीच महत्वपूर्ण विविधता पर भी प्रकाश डालती है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए 1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनकी संपत्ति 1 करोड़ रुपये से अधिक है। करोड़पति उम्मीदवारों में से डॉ. पेम्मासानी सबसे अमीर हैं। जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। एडीआर ने इन विश्लेषणों के आधार पर राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई सुधारों का प्रस्ताव रखा है। इनमें गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए उम्मीदवारों की स्थायी अयोग्यता, राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लाना और चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने वाले उम्मीदवारों के लिए सख्त दंड लागू करना शामिल है।

# हरियाणा में सियासी संकट, मुख्यमंत्री ने 15 मई को बुलाई मंत्रिमंडल की बैठक

हरियाणा में 4 दिनों से चल रहे सियासी ड्रामे के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 15 मई को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है।

अब इस बैठक पर पूरे प्रदेश की निगाहें लग गई हैं। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं तो ऐसे में बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दे रखे जा सकते हैं। शुक्रवार को हरियाणा के मुख्य सचिव की तरफ से इस बैठक के आयोजन को लेकर सूचना जारी कर दी गई। माना जा रहा है इस बैठक में विधानसभा सत्र बुलाने का ऐलान किया जा सकता है। जिसमें नायब सैनी भाजपा सरकार बहुमत हासिल करेगी।

आज कांग्रेस विधायक दल की तरफ से शुक्रवार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर उनसे जल्द हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और चीफ व्हिप भारत भूषण बतरा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। लेकिन राज्यपाल के तेलंगाना दौरे पर होने की वजह से उनके सचिव को ज्ञापन सौंपा है। पत्र में हुड्डा का कहना है कि सवाल हमारा सरकार बनाने का नहीं है, सरकार के लिए 3 महीने का वक्त बचा है तो ऐसे में हम विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार अल्मपत में है तो ऐसे में सरकार विधायकों की परेड करवाकर संख्या बल साबित करे जबकि 45 विधायक सरकार के खिलाफ हैं।

# पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण पर आरोप तय

### दिल्ली कोर्ट ने कहा- 5 शिकायतों में पर्याप्त सबूत; एक शिकायत खारिज की

नई दिल्ली/ गोंडा। दिल्ली की राउज रेवन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि 6 महिला पहलवानों में से 5 की शिकायतों में बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत मिले हैं। अदालत ने एक महिला पहलवान की शिकायत खारिज कर दी। अदालत ने कुश्ती संघ के पूर्व सेक्रेटरी विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया।

बृजभूषण के खिलाफ धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए हैं।

#### दोषी पाए गए तो 5 साल तक हो सकती है सजा

बृजभूषण को अब कोर्ट का ट्रायल



फेस करना होगा। जिन धाराओं में उन पर आरोप तय हुए हैं। उनमें धारा-354 में अधिकतम 5, 354- ए में अधिकतम 3 और 506 में अधिकतम 2 साल की सजा हो सकती है।

#### बृजभूषण के पास अब आगे क्या ऑप्शन हैं

सीनियर एडवोकेट रितेश यादव के मुताबिक, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण के खिलाफ जो आरोप तय किए हैं, उनके खिलाफ उनके पास ऊपरी अदालत में जाने का विकल्प है।

#### आरोप तय होने का मतलब क्या है?

आरोप तय होने का मतलब है कि बृजभूषण के खिलाफ वादी पक्ष और पुलिस की चार्जशीट में पर्याप्त सबूत हैं।

बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा चलाया जाएगा। जो आरोप बृजभूषण पर लगे हैं उनके साक्ष्य पुलिस कोर्ट के सामने रखेगी, जबकि बृजभूषण अपने बचाव पक्ष के साक्ष्य रखेंगे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही कोर्ट कोई फैसला सुनाएगी।




# महंगे किराये से यात्रियों की बढ़ती मुश्किलें

हवाई यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले से महंगी हवाई टिकट खरीद रहे यात्रियों को अब और भी ज्यादा महंगी दर पर हवाई टिकटें खरीदनी पड़ेंगी, क्योंकि एयर इंडिया एक्सप्रेस के 200 वरीय क्रू मेंबर्स बीमारी के कारण एक साथ अवकाश पर चले गये हैं, जिसके कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 70 से अधिक विमान है और यह हर सप्ताह 2500 से अधिक उड़ानों का परिचालन करती है। रिपोर्ट के अनुसार केबिन क्रू कथित कुप्रबंधन, स्टाफ से भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध कर रहे हैं। पायलटों की कमी की वजह से टाटा समूह की विमानन कंपनी विस्तारा ने पिछले महीने 110 उड़ाने रद्द की थीं और उसकी 160 उड़ानें लेट हुई थीं। जाहिर है, जब विमान की कमी होगी तो हवाई टिकट की कीमतों में भी इजाफा होगा।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है। विस्तारा की हिस्सेदारी 9.9 प्रतिशत है और एयर एशिया की हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत है। टाटा समूह के तहत उड़ान भरने वाली एयरलाइंस की कुल हिस्सेदारी 28.2 प्रतिशत है।

इधर, बाजार पूंजीकरण के आधार पर लंबी छलांग लगाते हुए इंडिगो जनवरी, 2024 में एयर चाइना एयरलाइन को और फरवरी, 2024 में सिंगापुर एयरलाइन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई। विगत 6 महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है, जबकि पिछले एक साल में इसके शेयर ने निवेशकों को 102.55 फीसदी प्रतिफल दिया है।

इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना इंडिगो और इसके शेयर होल्डर्स के लिए हर्ष का विषय है, लेकिन जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात नहीं, क्योंकि इंडिगो का एकाधिकार बढ़ने और दूसरी एयरलाइन का परिचालन लगातार अवरुद्ध रहने से हवाई टिकट बहुत महंगे हो गये हैं।

आज हवाई जहाज से यात्रा करने वाले यात्रियों में जरूरतमंदों की संख्या अधिक है। मौज-मस्ती के लिए यात्रा करने वालों के लिए एयर टिकट की कीमत मायने नहीं रखती, लेकिन किसी बीमार के इलाज के लिए सफ़र करने, नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत बढ़ना मुश्किल का सबब बन गया है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के एक विश्लेषण के अनुसार, 1 से 7 मार्च की अवधि की तुलना में 1 से 7 अप्रैल तक कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ा है। इस अवधि में दिल्ली से बेंगलुरु उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर किराये में 30 फीसदी बढ़ोतरी हुई। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। हालांकि, इंडिगो के दिसंबर, 2023 में 74 विमानों के बेड़े जमीन पर खड़े थे। वहीं, गो फर्स्ट, स्पाइसजेट, एयर इंडिया और विस्तारा के 90 विमान जमीन पर खड़े थे। जानकारों के अनुसार आगामी कुछ महीनों में 200 से अधिक विमान खड़े हो जायेंगे।

वर्ष 2024 में 150 नये विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है, जो पिछले साल जोड़े गए नए विमानों से 34 प्रतिशत अधिक है। फिर भी, यह संख्या घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023 में घरेलू यात्रियों की कुल संख्या बढ़कर 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है।

# गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गम्भीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया

प्रह्लाद सबनानी



भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से 'गरीबी हटाओ' के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपए का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपए की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यत: नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी। आपको शायद ध्यान होगा कि एक बार देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि के एक रुपए में से केवल 16 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंच पाते हैं। शेष 84 पैसे इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र की जेब में पहुंच जाते है। अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपए की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपए की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती।

अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है। सहायता की यह राशि यदि गरीबों तक पहुंच गई होती तो शायद हो सकता है कि देश से अभी तक गरीबी भी दूर हो चुकी होती। अब जब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत सहायता की राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे ही पहुंच रही है तो देश से गरीबी भी तेजी से कम होती दिखाई दे रही है, जिसकी तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त कंठ से हो रही है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है। इस प्रकार, भारत का गरीब वर्ग भी इन बैंक खातों के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त 50 करोड़ से अधिक बचत खातों में 50 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, अर्थात अब भारतीय महिलाएं, ग्रामीण महिलाओं सहित, भी आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं।

भारी मात्रा में खोले गए इन बचत खातों के माध्यम से गरीब वर्ग के नागरिकों का बैंकिंग सम्बंधी इतिहास भी धीरे धीरे विकसित हो रहा है, जिससे इस वर्ग के नागरिकों को बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने में आसानी होने लगी है। केंद्र सरकार द्वारा बैकों के माध्यम से लागू की जा रही विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं का लाभ भी अब गरीब वर्ग को मिलने लगा है। कोरोना महामारी के तुरंत बाद जब देश में स्थितियां सामान्य बनने की ओर अग्रसर हो रहीं थीं तब केंद्र सरकार ने खोमचा वाले, रेहड़ी वाले एवं ठेलों पर अपना सामान बेचकर छोटे छोटे व्यवसाईयों द्वारा अपना व्यापार पुन: प्रारम्भ करने के उद्देश्य से एक विशेष ऋण योजना प्रारम्भ की थी। इस योजना के अंतर्गत उक्त वर्णित छोटे छोटे व्यवसाईयों को बैंक द्वारा आसानी से ऋण प्रदान किया गया था क्योंकि इस वर्ग के नागरिकों के पूर्व में ही बैकों में बचत खाते खुले हुए थे। बैकों द्वारा यह ऋण बगैर किसी व्यक्तिगत गारंटी के प्रदान किया गया था। और, हजारों की संख्या में छोटे छोटे व्यवसाईयों ने निर्धारित समय सीमा में इस ऋण को अदा कर, पुन: बढ़ी हुई राशि के ऋण बैंकों से लिए थे और अपने व्यवसाय को तेजी से आगे बढ़ाया था। बैकों में खोले गए बचत खातों से गरीब वर्ग को इस प्रकार के लाभ भी हुए हैं।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना ने देश के हर गरीब नागरिक को वित्तीय मुख्य धारा से जोड़ा है। समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीबतम व्यक्तियों को भी इस योजना का लाभ मिला है। आजादी के लगभग 70 वर्षों के बाद भी भारत के 50 प्रतिशत नागरिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ अर्थात बैकों से नहीं जुड़े थे। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाताधारकों को प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ भी भारी मात्रा में नागरिकों ने उठाया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 15.99 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए का जीवन बीमा केवल 436 रुपए के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 33.78 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 48 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा केवल 20 रुपए के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। अटल पेंशन योजना से 5.20 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 40.83 करोड़ नागरिकों को ऋण प्रदान किया गया है प्रधानमंत्री जनधन योजना अपने प्रारम्भिक समय से ही वित्तीय समावेशन के लिए एक क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत खोले गए बचत खातों में से लगभग 67 प्रतिशत बचत खाते ग्रामीण एवं अर्धशहरी केंद्रों पर खोले गए हैं, जिसे मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। भारत में बैंकिंग व्यवस्था को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है।

इस योजना के अंतर्गत खोले गए बचत खाताधारकों को रूपे डेबिट कार्ड प्रदान किया गया है। यह रूपे कार्ड उपयोगकर्ता द्वारा समस्त एटीएम, पोस टर्मिनल एवं ई-कामर्स वेबसाइट पर लेनदेन करने की दृष्टि से उपयोग किया जा सकता है। वर्ष 2016 में 15.78 करोड़ बचत खाताधारकों को रूपे कार्ड प्रदान किया गया था एवं अप्रेल 2023 तक यह संख्या बचकर 33.5 करोड़ तक पहुंच गई है।

# टाईम पास

# आरएमएल अस्पताल में भ्रष्टचार का मामला बेहद चिंताजनक

भ्रष्टचार के आरोप में अस्पताल के दो चिकित्सकों सहित ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो एक ओर रिश्वत के बदले वहां कुछ खास कंपनियों के उत्पाद के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं मरीजों पर भर्ती होने के लिए पैसे भी लिए जाते थे।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अस्पताल जैसी जिस जगह पर लोग अपनी किसी गंभीर बीमारी का इलाज कराने, जान बचाने की भूख में जाते हैं, वहां अन्य कर्मचारियों से लेकर खुद कुछ चिकित्सक तक उनकी सेहत को कई बार दांव पर लगा देते हैं। सीबीआइ ने छानबीन के बाद दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहे जिस भ्रष्ट तंत्र का खुलासा किया है, वह बेहद चिंताजनक है।

गौरतलब है कि इस अस्पताल के दो चिकित्सकों सहित ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो एक ओर रिश्वत के बदले वहां कुछ खास कंपनियों के उत्पाद के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं मरीजों पर भर्ती होने के लिए पैसे भी लिए जाते थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खबरों के मुताबिक, किसी गर्भवती के परिजन जब तक रिश्वत की रकम नहीं चुकाते थे, तब तक उन्हें वार्ड में जगह नहीं दी जाती थी। मरीजों और उनके परिजनों को धमकाने के भी आरोप हैं।

हैरानी की बात यह है कि देश की राजधानी में सबसे अहम माने जाने वाले अस्पतालों में से एक में इस तरह का भ्रष्टाचार धड़ल्ले से चल रहा था और उस पर किसी की नजर नहीं जा रही थी या फिर जानबूझ कर उसकी अनदेखी की जा रही थी।

माना जाता है कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली में चिकित्सा व्यवस्था की तस्वीर चाकचौबंद होगी और यहां इस तरह के भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं बन सकती।

मगर इस जाने-माने अस्पताल में कुछ चिकित्सकों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने रिश्वत के बदले कुछ खास कंपनियों के उत्पादों और उपकरणों के कारोबार को जिस तरह बढ़ावा दिया, वह हैरान करने वाला है। सवाल है कि इस भ्रष्टाचार को खुद अस्पताल के तंत्र के भीतर या फिर सरकार के संबंधित महकमों की नजर और फिर कार्रवाई के दायरे में आने में इतना वक्त कैसे लग गया?


चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति और उनके उपयोग पर नजर रखने के लिए क्या वहां कोई व्यवस्था नहीं है? अगर है, तो कुछ खास कंपनियों के सामानों पर लगातार मेहरबान होने पर किसी को शक क्यों नहीं हुआ? अगर मरीजों से गलत तरीके से पैसे वसूले जाते थे या फिर कुछ खास ब्रांड के उत्पाद ही लेने पर मजबूर किया जाता था, तो यह इतनी देर से पकड़ में क्यों आया?

जाहिर है, भ्रष्टाचार का यह दुश्चक्र अस्पताल के कुछ डाक्टर और अधिकारियों या कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना नहीं चल रहा होगा। यह छिपा तथ्य नहीं है कि कई बार मरीजों को कुछ डाक्टर गैरजरूरी दवाइयां लेने की सलाह भी देते हैं।

दवा या चिकित्सा उपकरणों के कारोबार को बढ़ावा देने के एवज में दवा कंपनियों की ओर से डाक्टरों को दुनिया के अलग-अलग देशों के दौरे पर ले जाने या महंगा तोहफा देने के प्रस्ताव की खबरें आम रही हैं।

इस तरह के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं, जिसमें किसी खास दवा कंपनी से धन या सुविधाओं के बदले डाक्टर मरीजों को वैसी दवाएं लेने या जांच कराने की सलाह दे देते हैं, जो निहायत ही गैरजरूरी होती हैं। इसकी क्या गारंटी है कि मरीजों को इस तरह की जिन दवाओं का इस्तेमाल करने को कहा जाता है, वे उनकी सेहत के लिहाज से खतरनाक या अनुपयोगी नहीं होंगे या उनका दुष्प्रभाव नहीं होगा?

## काकुरो पहेली - 3178




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हरके रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3177 का हल



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा,'मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.' क्षण भर रुककर वह बोला,'और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.'

'लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?' लड़की ने चकित स्वर में कहा,'मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.'

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली,'घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...'

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा,'भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...'


तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली,'सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?'

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा,'इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...'

'ओह!' पत्नी बोली, 'तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3178



### बायें से दायें:-

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3177



## सूडोकु -3178


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3178



### बाएँ से दाएँ

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

### ऊपर से नीचे

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 3177 का हल



# नोएडा की हिंडन नदी में युवक-युवती कूदे

## 4 साल से थे दोनों रिलेशन में, युवक की मौत; युवती को लोगों ने बचाया



नोएडा। नोएडा में हिंडन नदी में प्रेमी युगल ने छलांग लगा दी। युवती को आसपास के लोगों ने बचा लिया। लेकिन युवक पानी में डूब गया। यह घटना मंगलवार देर रात करीब 10 बजे की है।

बुधवार को हिंडन नदी के पुल से करीब 50 कदम आगे छिजारसी कालोनी के पास एक व्यक्ति का शव तैरते हुए दिखा।

आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-63 पुलिस ने शव को बाहर निकाला।

मृतक की जेब से उसका मोबाइल मिला। उससे उसकी पहचान अंकित हुई।

पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जब पूछताछ की तो लोगों ने बताया कि मंगलवार रात को एक युवक और युवती हाथ पकड़ कर हिंडन नदी में कूद गए।

वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की। जिसमें से युवती को बचा लिया गया। लेकिन युवक बहकर कहीं चला गया। लोगों ने बताया कि इसके बाद युवती भी कहीं चली गई। पुलिस ने मृतक का मोबाइल किसी तरह से ऑन करवाया। इसके बाद परिजनों से संपर्क किया गया।

### 12 घंटे बाद शव ऊपर आया तब हुई पहचान

घटना के करीब 12 घंटे बाद शव तैरता हुआ ऊपर की ओर आ गया। वहां से गुजर रहे लोगों की नजर उस पा पड़ी। इसके बाद मामले की खुलासा हुआ। हालांकि अब भी युवती लापता है और उसका फोन बंद आ रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि ऊपर से कूदने पर युवक के सिर में चोट लगी। इस कारण उसकी मौत हो सकती है। उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिवार को दे दिया गया है।

### 4 साल से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस को पता चला कि युवक और युवती दोनों ही जौनपुर के रहने वाले हैं।

युवक की पहचान 30 साल अंकित और युवती की 21 साल रानी उर्फ रागिनी के रूप में हुई है। अंकित बहलोलपुर में रहकर यहां पर नौकरी करता था। वहीं रानी दिल्ली में रहती थी।

पुलिस ने बताया कि वह दोनों करीब 4 साल से एक दूसरे से प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे। उसके भाई ने बताया कि उन्होंने कई बार शादी के लिए बोला लेकिन परिजनों का कहना था कि छप्पर के घर में बहू को क्या लेकर आएगा।

पहले घर बना लेते हैं उसके बाद शादी होगी। भाई ने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों परेशान थे इसकी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा।

# नालों की सफाई शुरू होने में देरी होगी

नोएडा। शहर के नालों की गहराई से सफाई शुरू होने में देरी होने के आसार हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद अगले महीने टेंडर जारी किए जाएंगे। टेंडर जारी होने के कम से कम एक महीने बाद काम शुरू होगा। ऐसे में मानसून आने से पहले नालों की सफाई का काम पूरा होने की उम्मीद नहीं है। अभी प्राधिकरण ऊपरी तौर पर नालों की सफाई करा रहा है।

शहर में करीब 117 बड़े नाले हैं। इन सभी नालों का पानी सबसे बड़े सिंचाई नाले में मिलकर यमुना में पहुंचता है। सफाई नहीं होने से नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं। इससे नालों का पानी शहर के आंतरिक हिस्सों में घुस जाता है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव बड़ी समस्या बन जाता है। अब दो महीने में फिर से मानसून की आहट शुरू हो जाएगी। खास बात यह है कि जलभराव के लिए मुख्य तौर पर नालों की सफाई नहीं होना मुख्य वजह माना जाता है, लेकिन अभी तक इसको लेकर नोएडा में काम शुरू नहीं हुआ है। इस समय शहर के अधिकांश नालों में गंदगी जमा है। बीते सप्ताह ही निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम को खोडा रोड स्थित एलआईसी ऑफिस के पास नाला पूरी तरह गंदगी से अटा पड़ा हुआ मिला। इसके अलावा सेक्टर-5 हरौला, सेक्टर-50 सहित और नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि नालों की सफाई का काम पूरे साल होता है, लेकिन पूरी तरह निचले तल से सिल्ट लगाने का काम साल में सिर्फ एक बार किया जाता है। इसके लिए चुनावा आचार संहिता समाप्त होते ही टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। खास बात यह है कि पहली बार टेंडर प्रक्रिया में ही कंपनी का चयन हो जाता है, तभी सफाई का काम जुलाई में शुरू हो पाएगा। अगर दोबारा टेंडर जारी हुआ तो और देरी होगी।

# आर्थिक तंगी से परेशान पत्रकार ने किया सुसाइड

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी से परेशान पत्रकार ने आत्महत्या कर ली। उमाकांत राही (उम्र 40) एक न्यूज चैनल में वीडियो एडिटर के रूप में कार्यरत थे।

वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सोसायटी में रहते थे। उन्होंने देर रात जहर खाकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों से बातचीत के दौरान पता चला है कि पिछले छह महीने से वह डिप्रेशन में थे। वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।

उमाकांत मूल रूप से ग्राम गुढारी थाना हसनपुर जिला औरंगाबाद बिहार के रहने वाले थे। वह वर्तमान में थाना बिसरख क्षेत्र की कन्हा रेजिडेंसी में रह रहे थे।

### डिप्रेशन का चल रहा था इलाज

कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि पत्रकार की कई बैंक किस्त कट रही थी जिसमें घर के अलावा कई अन्य चीजें शामिल हैं। 6 महीने से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे, इस बात का जिक्र उन्होंने अपने परिवार वालों से किया था।

पहले भी कई बार उनके घर वालों ने उनको समझाया था। वह डिप्रेशन में थे, इसका इलाज भी चल रहा था। बीती रात उन्होंने जिंदगी से हार मानकर पर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

# लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले 3 गिरफ्तार

## अपने आप को बताते थे क्राइम ब्रांच का अफसर, इसके बाद झांसे में लेकर रखवा लेते थे पैसा

**नोएडा।** लिफ्ट देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग भोले भाले लोगों को अपने अपनी बातों में फंसाकर पहले उनको अपनी कार में बैठाते है। इसके बाद अपने को किसी बड़ी जांच एजेंसी का बताकर धोखाधड़ी करते है। पुलिस ने इनके पास से 50 हजार रुपए भी बरामद किए है। ये पैसा 5 दिन पहले इन लोगों ने एक पीड़ित से धोखा धड़ी कर लिए थे। उस समय पीड़ित के सामने इन लोगों ने अपने को क्राइम ब्रांच का बताया था।



इनकी पहचान शमशाद पुत्र हाकिम अली, अश्विनी उर्फ अंकित पुत्र मदनलाल, मिथिलेश पुत्र राजेन्द्र हुई है। पुलिस ने बताया कि ये लोग मौज मस्ती और जल्द अमीर बनने की चाहत में ऐसा काम कर रहे थे। इन पर गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली , खुरजा , बुलंदशहर के अलावा गाजियाबाद में भी इस तरह की धोखाधड़ी के मामले दर्ज है। दरअसल 5 मई को पीड़ित ने थाना दादरी में शिकायत की गई कि उसके साथ कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करके 72 हजार 200 रुपए ले लिए। धोखा धड़ी कर फरार हो गए।

पुलिस ने सीसीटीवी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर जांच की। जिसके तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जारचा मोड़ दादरी के पास से व्यक्ति बरामद की गई गाड़ी में बैठा लिया। उस व्यक्ति से अपने आप को क्राइम ब्रांच को होना बताया। यह भी बताया कि नोएडा में 40,000 हजार रुपया नकली मिला है। उस व्यक्ति से उसके रुपए नकली तो नहीं है चैक करने के नाम पर ले लिये और उसका पैसा अपने पास रख लिया। यहीं नहीं बदमाशों ने कहा कि तुम्हारे पैसा बैग में डाल दिया है।

आगे चलकर तीनों बदमाशों ने उसे शाहपुर के पास उतार दिया। साथ ही गाड़ी लेकर फरार हो गए। जब पीड़ित ने थैला चेक किया तो उसमें कुछ नहीं था। उन रुपयों में से शमशाद को 35,000 हजार, अश्विनी उर्फ अंकित को 20,000 रुपए और मिथलेश को 15,200 रुपए मिलकर आपस में बांट लिए। कुछ पैसे आपस में मौज मस्ती में खर्च कर दिए। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि यदि वे इस तरह से पैसा नहीं देता तो उसके साथ लूटपाट करने की योजना थी।

# नोएडा प्राधिकरण ने दो खसरा से हटाया अवैध निर्माण

## बुलडोजर चलाकर तोड़ा कंस्ट्रक्शन, बाजार कीमत करीब 3.96 करोड़

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर से अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमित भूमि को अपने कब्जे में लिया। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-9 के नगली वाजिदपुर के खसरा नंबर 221 और खसरा नंबर 244 पर अवैध निर्माण किया जा रहा था।

यहां प्लाट को कब्जा करके मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसके लिए नींव और अन्य काम पूरे हो चुके थे। कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखकर कब्जा किया गया था। इस जमीन का एरिया करीब 792.45 वर्गमीटर है।



जानकारी मिलने पर प्राधिकरण ने सीईओ आदेश के तहत स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जेसीबी और करीब 50 कर्मचारी पहुंचे। यहां बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। साथ ही भूमि पर प्राधिकरण की जमीन का बोर्ड लगाया गया।

इस जमीन की बाजार कीमत करीब 3.96 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

प्राधिकरण ने नोएडा के गांव बसई, सलारपुर, हिंडन विहार, भंगेल, पर्थला, सोरखा जाहिदाबाद, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली में करीब एक महीने में 1.6 लाख वर्गमीटर जमीन से अवैध निर्माण को हटाया।

इसकी लागत करीब 600 करोड़ रुपए के आसपास है। प्राधिकरण ने बताया कि लैंड बैंक को बढ़ाने के लिए लगातार अतिक्रमित जमीन को खाली कराया जा रहा है।

# हवाला कारोबार से जुड़े आरोपी को राहत मिली

**ग्रेटर नोएडा।** अदालत ने हवाला कारोबार से जुड़े 50 लाख रुपये की रकम के मामले में एक आरोपी बिहार के संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली।बचाव पक्ष के अधिवक्ता वीरेंद्र नागर बादलपुर ने बताया कि पुलिस ने 15 मई 2023 को नोएडा के सेक्टर-27 में हवाला की रकम के साथ कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी विजय समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इनमें बिहार के पटना के चाणक्यपुरी निवासी संजीव कुमार भी शामिल थे। संजीव की ओर से अदालत में अग्रिम जमानत याचिका पेश की गई। अदालत ने याचिका को शर्तों के साथ स्वीकार कर लिया। अदालत ने संजीव कुमार की 50-50 हजार रुपये के निजी बंध पत्र के साथ जमानत याचिका मंजूर कर ली।



# नोएडा-गाजियाबाद में आंधी ने बरपाया कहर

कई जगह पेड़-खंभे गिरे, लोनी इलाके में यूनिपोल गिरने से ऑटो चालक घायल

गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर के शहरों में शुक्रवार रात मौसम बदल गया। नोएडा, गाजियाबाद से लेकर मेरठ तक आंधी-तूफान चला। गाजियाबाद में तेज अंधड़ से कई जगहों पर बिजली के खंभे, यूनिपोल और पेड़ गिर गए। पूरे शहर की बिजली सप्लाई बाधित हो गई है।

दिल्ली-सहारनपुर रोड पर लोनी क्षेत्र में एक यूनिपोल ऑटो के ऊपर आ गिरा। इससे ऑटो चालक घायल हो गया। कई और जगह पेड़ गिरने से रास्ते बाधित हो गए। देर रात तक पेड़ों-खंभों को सही करने का काम चलता रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, आंधी की रफ्तार 50 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा रही है। फिलहाल गाजियाबाद और नोएडा के कई इलाकों में पॉवर कट हो गया है।

कॉरपोरेशन अधिकारियों ने बताया कि अब सुबह के वक्त ही देखा जाएगा कि कहां-कहां फॉल्ट हुआ है।

## सेवानिवृत्त डिप्टी मैनेजर से 34.50 लाख हड़पे

कौशांबी। कौशांबी में बीमा कंपनी के सेवानिवृत्त डिप्टी मैनेजर को ट्रेडिंग में निवेश पर मुनाफा कमाने के बहाने पिता-पुत्र ने 34 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने उनसे कॉल पर बात करना बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर दोनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस लेन-देन के आधार पर मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता अनिल कुमार मेहरा ने बताया कि वकील राणा ने अपने बेटे अथर राणा के साथ कुछ महीने पहले उनकी बिल्डिंग में ट्रेडिंग और बिजनेस का काम शुरू किया था। दोनों ने एक दिन उन्हें ट्रेडिंग में निवेश पर अच्छा मुनाफा करने की बात कही। इसके बाद उनसे 19 लाख 50 हजार रुपये निवेश कराकर 97 हजार 500 रुपये मुनाफा कमाने का झांसा दिया। कुछ समय बाद उन्हें दोबारा एक लाख रुपये मुनाफा कमाने के बहाने 15 लाख रुपये निवेश करा लिए। उन्होंने निवेश की रकम में परिवार के अन्य लोगों से भी मदद ली थी। तय समय बीतने के बाद जब उन्होंने मुनाफा और निवेश की रकम मांगी तो आरोपियों ने गाली-गलौज करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 25 से 29 सितंबर तक चलेगा

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में इस बार 25 से 29 सितंबर तक यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (यूपीआईटीएस-2024) लगेगा। प्रदेश के हथकरघा और कपड़ा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शुक्रवार को मार्ट का दौरा किया। उन्होंने यूपीआईटीएस के दूसरे संस्करण की तैयारी और कार्य योजना का जायजा लिया। इसके साथ ही अफसरों के साथ बैठक में मेले का विस्तार करने के लिए भागीदार राज्यों को आमंत्रित करने पर चर्चा की। बैठक में आलोक कुमार ने कहा कि प्रदेश को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में यूपीआईटीएस के माध्यम से वैश्विक मंच पर पेश करना जरूरी है। उन्होंने उत्पाद ओडीओपी, जीआई टैग और अन्य योजनाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि मेले में एमएसएमई, पर्यटन, आतिथ्य, स्वास्थ्य, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्ट-अप, उत्तर प्रदेश से जीआई टैग, उत्तर प्रदेश के खिलौना संघ और शिल्प समूह, हथकरघा और कपड़ा, सूक्ष्म और लघु उद्यम समूह विकास, ओडीओपी सहित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक क्षेत्र शामिल होंगे। डीएम ने मेले के लिए व्यापक प्रचार अभियान का प्रस्ताव रखा।

# बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख ठगे

## पार्सल में फर्जी पासपोर्ट, ड्रग्स का डर दिखाया; नाइजीरियन गिरोह पर पुलिस को शक

नोएडा। मुंबई से थाइलैंड भेजे गए पार्सल में ड्रग्स और फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज होने का डर दिखाकर जालसाज़ ने बुजुर्ग महिला डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर उसके साथ 45 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है। नाइजीरियन गिरोह पर पुलिस को शक है।

दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी डॉ. आरती चौधरी ने बताया कि वह सेक्टर-49 स्थित हेल्थ क्लिनिक में डॉक्टर हैं। छह मई को आरती के पास अनजान नंबर से साढ़े नौ बजे के करीब कॉल आई। कॉलर ने खुद को फेडेक्स कूरियर सर्विस का कर्मचारी बताते हुए अपना नाम ईशान वर्मा बताया।

उसने महिला डॉक्टर से कहा कि उसका जो पार्सल मुंबई से थाइलैंड भेजा गया था वह वापस आ गया है। पार्सल को कस्टम विभाग ने सीज कर दिया है। पार्सल में पांच पासपोर्ट, दो क्रेडिट कार्ड, चार किलो कपड़े, 140 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स मिला है।

### क्राइम ब्रांच और एफआईआर का नाम सुनकर डर गई महिला

कॉलर ने कहा कि पार्सल में ड्रग्स होने की शिकायत मुंबई क्राइम ब्रांच में होगी और महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई होगी। इसके बाद कथित




फेडेक्स कूरियर कर्मचारी ने कॉल को मुंबई क्राइम ब्रांच के लिए ट्रांसफर कर दी।

आगे जालसाज़ ने अपना नाम राजवीर और खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच से बताया। पूरी बात सुनने के बाद कहा कि महिला का विडियो कॉल के जरिए बयान रेकार्ड होगा। इसके लिए उसने महिला को एक ऐप डाउनलोड करवाया, बयान लिए और आधार कार्ड देखा।

### वीडियो सर्विलांस के जरिए ठगों ने कहा 24 घंटे में पूरी होगी जांच

इस जालसाज़ ने कहा कि जांच में सामने आया है कि आपका एक अकाउंट मनी लौंडरिंग से संबधित है इसलिए जांच आगे ट्रांसफर हो रही है। आगे कॉल ट्रांसफर हुई तो तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम आदित्य केशव बताया।

यह जानकारी दी कि आपकी जांच विडियो सर्विलांस के जरिए 24 घंटे में निपट सकती है। नहीं तो मुंबई आना होगा और 90 दिनों की कस्टडी होगी। इस पर डॉक्टर डर गई और 24 घंटे में जांच निपटाने के लिए तैयार हो गई।

### वीडियो कॉल के जरिए बनाए रखी निगरानी , कही नहीं करने दिया फोन

ऐप के विडियो कॉल के जरिए जालसाज़ ने निगरानी बनाए रखी। इस दौरान जालसाज़ ने महिला को फोन कॉल भी कहीं नहीं करने दी न घर से बाहर जाने दिया।

फिर सभी बैंक अकाउंट की जानकारी ली और सभी अकाउंट की रकम एक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाई।

अकाउंट में जमा रकम 45 लाख रुपए एक अकाउंट नंबर देकर उसमें जांच के लिए ट्रांसफर करवाई। इस दौरान महिला चिकित्सक पर पांच लाख रुपए और ट्रांसफर करने का जब दबाव बनाया जाने लगा तो उसे ठगी की आशंका हुई।

# शार्ट न्यूज

### जीप ने शिक्षिका की कार में टक्कर मारी

**ग्रेटर नोएडा।** कार्यालय संवाददाताबांके बिहारी के दर्शन कर लौट रहीं शिक्षिका की कार में सेक्टर-137 क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर पीछे से आ रही जीप ने टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद चालक जीप लेकर चला गया। पीड़ित शिक्षिका ने थाना नॉलेज पार्क में शिकायत दी है।सेक्टर-50 में रहने वालीं रीना गुप्ता गणित की अध्यापिका हैं। वह अपनीकार से वृंदावन भगवान बांके बिहारी के दर्शन करने गई थीं। उनके साथ दो और महिलाएं थीं। शुक्रवार को वह दर्शन करके वापस आ रही थीं। सेक्टर-137 क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा-नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुबह करीब 11 बजे उनकी कार में पीछे से आ रही जीप ने टक्कर मार दी। शिक्षिका ने बताया कि आगे ट्रैफिक के धीमा होने पर उन्होंने अपनी कार को धीमा किया, जबकि पीछे जीप में आ रहे लोग आपस में बात करते हुए आ रहे थे। उन्होंने आगे चल रहे वाहनों की गति धीमी होने पर ध्यान ही नहीं दिया। इस दुर्घटना में उनकी कार में पीछे की सीट पर बैठी दो महिलाओं को हल्की चोट आई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की है ?।

### बच्ची से डिजिटल रेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नाबालिग बच्ची से डिजिटल रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में 19 साल के आरोपी हरेंद्र गौतम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया, लिंक रोड थाना क्षेत्र के झंडापुर इलाके में एक परिवार रहता है। 9 मई की रात पॉवर कट होने की वजह से पूरा परिवार छत पर सो रहा था। पड़ोस में रहने वाला हरेंद्र गौतम भी अपनी छत पर लेटा हुआ था। आरोप है कि रात के वक्त मौका पाकर हरेंद्र गौतम ने इस परिवार की नाबालिग बच्ची से डिजिटल रेप किया। पुलिस ने बताया कि 10 मई की सुबह पीड़ित परिवार ने थाने पर आकर इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी हरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वो मूल रूप से कन्नौज जिले के गोसाईंगंज इलाके का रहने वाला है और गाजियाबाद में किराए पर रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। डिजिटल दो शब्द यानि डिजिट और रेप से मिलकर बना है। अंग्रेजी शब्दकोश के मुताबिक डिजिट को उंगली, अंगूठा, पैर की उंगली या अन्य शरीर के अंगों से भी संबोधित किया जाता है। प्राइवेट पार्ट को इन अंगों से छूना भी डिजिटल रेप की श्रेणी में आता है।

### शादी का झांसा देकर बनाए लगातार संबंध, देते रहा धमकी; न्याय के लिए थाने पहुंची पीड़िता

हापुड़ । थाना देहात क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती को शादी का झांसा देकर एक युवक उसे बाबूगढ़ स्थित एक फार्म हाऊस में ले गया। उसे और उसके परिवार को समाज में बदनाम करने की धमकी देकर आरोपी युवक ने युवती से जबरन दुष्कर्म किया। इससे क्षुब्ध युवती ने आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। अब युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित युवती ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति के मकान में अपने माता-पिता व भाई के साथ किराए पर रहती है। इसी मकान में ऊपरी मंजिल पर राजकुमार उर्फ राज सैनी निवासी कस्बा स्याना जिला बुलंदशहर रहकर नगर के एक अस्पताल में नौकरी करता है। पिछले एक साल से आरोपी राजकुमार ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का झांसा देकर बिना उसकी मर्जी के लगातार दुष्कर्म करता रहा। दस अप्रैल को भी आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर बाबूगढ़ स्थित एक फार्म हाऊस में ले गया। पीड़िता ने उससे संबंध बनाने से इंकार कर दिया। इस पर आरोपी ने उसे व उसके परिवार को समाज में बदनाम करने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

### वायुसेना कर्मी को तेज रफ्तार टैंपो ने रौंदा

साहिबाबाद। करहेड़ा रोड पर बुधवार दोपहर तीन बजे साइकिल सवार वायुसेना कर्मी को तेज रफ्तार टैंपो ने रौंद दिया। लहूलुहान हालत में उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया है। वहीं, अर्थला के पास बाइक सवार महिला को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अलवर राजस्थान के थाना अरावली बिहार में नयावास के रहने वाले देवेंद्र कुमार मीणा (35) पुत्र नत्थूराम मीणा हिंडन वायुसेना स्टेशन में मल्टी टास्क कर्मी हैं। पत्नी और दो बेटी राजस्थान में रहती हैं। बड़े भाई अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बुधवार की दोपहर तीन बजे देवेंद्र कुमार हिंडन वायुसेना स्टेशन से ड्यूटी करके साइकिल पर करहेड़ा स्थित घर जा रहे थे। हिंडन एयरफोर्स चौकी से आगे कुछ दूर पर तेज रफ्तार टैंपो ने साइकिल में टक्कर मारकर उन्हें बुरी तरह रौंद दिया। घटना के बाद चालक टैंपो लेकर भाग गया। वायुसेना के जवानों ने घायल देवेंद्र को तुरंत मोहननगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने टैंपो नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ लिखित शिकायत देकर मुकदमा कराया है। अशोक का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई में देरी की।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा दे 49 लाख ठगे

गाजियाबाद। साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर अवंतिका निवासी व्यक्ति से 49 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित के मुताबिक वह जब भी पैसा निकालने की कोशिश करते, आरोपी कोई न कोई शर्त रखकर उनसे और रकम ट्रांसफर करा लेते। ठगी का पता लगने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दी।शास्त्रीनगर के अवंतिका डी-ब्लॉक में रहने वाले कमल शर्मा का कहना है कि जालसाजों ने उनसे व्हॉट्सऐप पर संपर्क किया और फिर एक ग्रुप में जोड़ा। यह ग्रुप आईसीआईसीआई आई टीम-18 नाम से था। ग्रुप एडमिन करीना थी। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने खुद को आईसीआईसीआई से बताया। साथ ही उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश पर मोटे मुनाफे की बात कहकर एक लिंक भेजा और लोगिन करने के लिए कहा। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें पैसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया। आरोप है कि उन्होंने धीरे-धीरे करके 49 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने 1.30 करोड़ रुपये का मुनाफा बताया और रकम जारी करने के लिए 254 फीसदी टैक्स के रूप में 35 लाख रुपये ट्रांसफर करने को कहा। इस बात उन्हें शक हुआ। उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया और इसके बाद ग्रुप भी बंद हो गया। ठगी का पता लगने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दी। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।खाते से 8.83 लाख रुपये उड़ाएगाजियाबाद।

### अक्षय तृतीया पर कारोबारियों पर हुई धनवर्षा, 200 करोड़ से अधिक से चमका सर्राफा बाजार

गाजियाबाद। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को कारोबारियों पर धनवर्षा हुई। देर रात तक लोग बाजारों में खरीदारी करते नजर आए। लोगों ने सबसे अधिक सोने-चांदी के सिक्के और अभूषण खरीदे। सर्राफा कारोबारियों की माने तो 200 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। वहीं, चार व दोपहिया वाहन, फ्लैट और अन्य सामान की भी बिक्री हुई है।वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाता है। सनातन धर्म में इस दिन सोने चांदी की खरीदारी शुभ मानी जाती है। ऐसे में मंदा चल रहे सर्राफा कारोबार को संजीवनी मिल गई। शहर में दिल्ली गेट, डासना गेट, सिहानी गेट, घंटाघर, नवयुग मार्केट, मालीवाड़ा, गांधीनगर, कविनगर, नेहरूनगर, राजनगर, पटेलनगर, लोहिया नगर, गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, कौशांबी, साहिबाबाद, वैशाली, इंदिरापुरम, वसुंधरा, मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी सहित अन्य क्षेत्रों में 600 से अधिक सर्राफा दुकानें हैं। इसमें बड़े शोरूम और दुकान 200 से अधिक है। इनमें पूरा दिन खरीदारों का ताता लगा रहा। खरीदारों ने सोने-चांदी के सिक्के सबसे अधिक खरीदे। चांदी के सिक्के की कीमत 1,200 रुपये से दस हजार तक रही। जबकि सोने का दस ग्राम सिक्क 76 हजार रुपये में बिका। इसके अलावा सोने, हीरे और एंटीक गहनों को भी खरीदारों ने जमकर पसंद किया। सर्राफा एसोसिएशन गाजियाबाद के संरक्षक राजकिशोर गुप्ता ने बताया कि माना जाता है कि इस दिन सोना चांदी खरीदने से सौभाग्य व समृद्धि आती है। इस कारण सोने चांदी के सिक्क और आभूषणों की जमकर बिक्री हुई है।

# देवरिया में पति ने की पत्नी-बेटी की हत्या


## सिलबट्टे से सिर कूचा, शवों को कमरे में छिपाया, पत्नी नौकरी को लेकर मारती थी ताना

देवरिया। देवरिया में गुरुवार की रात एक पति ने अपनी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी की सिलबट्टे से कूचकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पत्नी और बेटी के शव को कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात ताला तोड़कर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लुधियाना में नौकरी करता था लेकिन पिछले सात-आठ महीनों से घर पर ही रह रहा था। इसी को लेकर उसकी पत्नी अक्सर ताने मारा करती थी, जिससे आये दिन घर में झगड़ा होता था।

### सात-आठ महीनों खाली था आरोपी, पत्नी मारती थी ताना

दरअसल, थाना मईल क्षेत्र के ग्राम बिसौली माफ़ी निवासी बबलू प्रसाद ने




13 साल पहले अपने से 6 साल बड़ी युवती दुर्गा से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दंपति के एक बेटी व तीन बेटे हुए। बबलू अपने पिता के साथ लुधियाना में नौकरी करता था। लेकिन बबलू पिछले सात-आठ महीनों से अपने गांव पर ही रह रहा था और कोई काम-धंधा नही करता था। जिसकी वजह से आये दिन घर में कलह होती थी।

### सिलबट्टे से सिर कुचकर की हत्या

गुरुवार की शाम को बबलू शराब पीकर घर आया। इसको लेकर पत्नी से उसकी कहासुनी होने लगी। इसी दौरान बबलू ने घर में मौजूद सिलबट्टे से दुर्गावती के सिर पर वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख उसकी बेटी प्रीति चीखने-चिल्लाने लगी। इस बबलू बौखला गया। बेटी के भी सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घर के आंगन में दो लाशें पड़ी देख हड़कंप मच गया। आसपास खून ही खून दिखाई दे रहा था। इसके बाद दोनों को मरा देख बबलू ने शवों को कमरे में बंद कर दिया।

पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर एसपी संकल्प शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### आए दिन करता था झगड़ा

गांव वालों की माने तो बबलू शराब का नशा भी करने लगा था। आए दिन घर पर आकर वह झगड़ा करता था। बीती रात जब वह घर पहुंचा तो पत्नी से नौकरी को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा की बबलू ने सिलबट्टे से पत्नी का सिर कूच दिया और जब बीच-बचाव करने बेटी आई तो उसे भी मार डाला। चीखने चिल्लाने की आवाज पर हम लोग वहां पहुंचे तो हर तरफ खून ही खून फैला था।

### आरोपी गिरफ्तार

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि आरोपी बबलू को पकड़ लिया गया। पूछताछ में बबलू ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की तैयारी में है। आरोपी के तीनों बेटों को उसकी बुआ के घर पर भेज दिया गया है।

# समलैंगिक रिलेशन छिपाने के लिए डबल मर्डर

मेरठ । मेरठ पुलिस ने खरखौंदा में हुए डबल मर्डर का खुलासा किया। मोंटी और मनोज समलैंगिक रिलेशनशिप में थे। दोनों शादी या प्रोग्राम में लड़की बनकर डांस करते थे। इस बीच ये अंकुश और नवीन के संपर्क में आए। दोनों ने अंकुश और नवीन का अश्लील वीडियो बना लिया। फिर शादी के लिए ब्लैकमेल करने लगे। इसी कारण अंकुश और नवीन ने मिलकर दोनों की हत्या कर दी। पुलिस इन्हीं वीडियो के जरिए दोनों आरोपी तक पहुंचे।

### पुलिस को मोबाइल में मिले थे आरोपियों के अश्लील वीडियो

एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया, बुधवार देर शाम पांची गांव में राजू त्यागी के बाग में दो युवकों की लाश मिली। लाश को देखकर लग रहा था कि दोनों की हत्या की गई है। उनकी पहचान बिजौली गांव के मनोज



(18) और नरहेडा गांव के मोंटी (24) के रूप में हुई। मामले की जांच के लिए 3 टीमों का गठन किया गया। कई जगह के सीसीटीवी खंगाले गए। इस बीच टीम ने जब मोंटी का मोबाइल चेक किया तो उसमें अश्लील वीडियो मिले। पुलिस ने उसमें दिख रहे 2 युवकों को तलाशना शुरू किया। उसमें फीड नंबर मिलाकर अंकुश और नवीन को बुलाया। कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने पूरा सच बता दिया। उनका कहना था कि दोनों मिलकर शादी का दबाव बना रहे थे। इसलिए दोनों को गला घोंटकर मार डाला।

# ग्लूकोज ड्रिप से दवा की ओवरडोज लेकर किया सुसाइड

कानपुर। कानपुर के एक होटल में ओटी टेक्नीशियन ने ग्लूकोज में दवाओं का ओवरडोज लेकर सुसाइड कर लिया। होटल का कमरा नहीं खुलने पर मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव बेड पर पड़ा था। दाहिने हाथ में ड्रिप लगी थी। पर्दे की रॉड से ग्लूकोज की 2 बोतल लटक रही थी।

पुलिस को कमरे में 2 पन्ने का सुसाइड नोट भी मिला। इसमें लिखा है-तुमने मुझे धोखा दिया। मैं तुम्हारे साथ रहना चाहता था, पर तुम मुझे समझ न सकी। मैं अब अपनी जिंदगी से ही हार गया हूं।

मामला प्रेस-प्रसंग में सुसाइड का लग रहा है। चकेरी पुलिस ने शव को जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रेमिका से धोखा मिलने के बाद सुसाइड किया

बर्रा में रहने वाला विजय यादव (34) कोयला नगर स्थित एक अस्पताल में आईसीयू टेक्नीशियन था। अस्पताल के पास होटल कोहिनूर में बुधवार की रात उसने कमरा लिया। गुरुवार को जब सुबह से शाम तक कमरा नहीं खुला तो होटल कर्मियों को संदेह हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई रिस्पांस नहीं मिला।

तब पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने होटल स्टॉफ के साथ मिलकर कमरा खुलवाया तो बेड पर विजय का शव मिला। फोरेंसिक टीम ने पूरे कमरे की जांच की है।

# मुरादाबाद में पीतल कारोबारी के बेटे का मर्डर

## पिता बोले-पड़ोसी रंगदारी मांगता था, मना करने पर मार डाला, योगी हत्यारों के घर बुलडोजर चलवाएं

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक पीतल कारोबारी के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के वक्त युवक अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। तभी तीन बदमाशों ने उसे गोली मार दी। पिता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर के बेटे अक्सर रंगदारी की डिमांड करते थे। हमने पैसे नहीं दिए तो मेरे बेटे को मार डाला।

उन्होंने सीएम योगी से मांग की है कि हत्यारों के घर बुलडोजर चलवाएं। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल 2 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे शादी समारोह में गाने बजाने को लेकर हुआ विवाद है।



### रात 12 बजे गोली मारी, सुबह दिल्ली ले जाते वक्त मौत

हाजी मंसूर अली कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला तंबाकू वाला, अंगारी मस्जिद के पास अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह पीतल का बिजनेस करते हैं। उन्होंने संवाददाता से कहा, सलाउद्दीन (20 साल) मेरे 5 बेटों में सबसे छोटा है। वह नागफनी क्षेत्र में किंग पैलेस मैरिज हॉल में अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने गया था। गुरुवार को रात करीब 12 बजे सलाउद्दीन शादी समारोह से निकलकर घर आ रहा था। तभी मैरिज हॉल के सामने वाली गली में 3 युवकों ने उसे घेर लिया। 2 आरोपियों ने उनके बेटे के गले में हाथ डाला और तीसरे तमंचा निकालकर सटाकर गोली मार दी।

### 2 ने गले में हाथ डाला, तीसरे ने गोली मारी

हाजी मंसूर अली ने बताया, नागफनी क्षेत्र में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर के लड़के उनके बेटे से कई बार रंगदारी की मांग कर चुके थे। लेकिन सलाउद्दीन ने उन्हें पैसे देने से साफ इंकार कर दिया था। इसकी वजह से वो उससे नाराज रहते थे। गुरुवार रात को हिस्ट्रीशीटर के बेटे समीर ने अपने दो साथियों आहत और आसाब के साथ आवाज देकर सलाउद्दीन को शादी से निकलते समय रोका था। इसके बाद उन्होंने उसे गोली मार दी।

### सुबह दिल्ली ले जाते वक्त दम तोड़ा

हाजी मंसूर अली ने बताया, बेटे को गोली लगने की सूचना मिलते ही वो लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। यहां से उसे कॉसमॉस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक थी इसलिए यहां से भी उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। दिल्ली लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद रास्ते से शव लेकर परिजन सीधे घर पहुंचे।

# चार जून को भाजपा की विदाई तय : राहुल

## कानपुर कभी पूरब का मैनचेस्टर कहा जाता था मगर आज यहां उद्योग धंधों की हालत खराब है

कानपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की हार तय है और उत्तर प्रदेश इंडिया समूह कम से कम 50 सीटें जीतेगा।

जीआईसी मैदान पर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा और राजाराम पाल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये गांधी ने कहा चार जून 2024 को नरेंद्र मोदी हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। आप लिख कर ले लो और यूपी में गठबंधन को 50 से कम सीटें नहीं मिलने वाली है।

उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया, उन्हे 500 एकड़ जमीन मुहैया करायीं जबकि किसान का कर्जा माफ नहीं किया। बेरोजगारों को पकौड़े तलने की सलाह दी।



गांधी ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा कर उन्होने लोगों की समस्यायों को जाना समझा और उसी के अनुसार मेनीफेस्टो तैयार किया। गठबंधन की सरकार बनने पर कानपुर समेत देश के अन्य शहरों को उनका औद्योगिक स्वरुप वापस दिलाया जायेगा।

उन्होने कहा कानपुर कभी पूरब का मैनचेस्टर कहा जाता था मगर आज यहां उद्योग धंधों की हालत खराब है। इसका कारण है कि मोदी सरकार ने अडानी के लिये गलत जीएसटी लागू कर कानपुर जैसे शहरों का हाथ और गला काट दिया। नोटबंदी और जीएसटी ने देश के छोटे और मझोले उद्योगों का बहुत नुकसान किया। सोलर पावर, विंड पावर सब अडानी को दे दिया और आपको ताली बजाने को दे दिया। कोविड महामारी के समय भाजपा वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से पैसा ले रही थी और जनता से थाली ताली बजवा रही थी। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक मंच से अडानी-अंबानी का नाम जिस दिन लिया, उसी दिन उन्होने अपनी हार मान ली।

उन्होने कहा हमें मेड इन चाइना का मुकाबला करना है। हिन्दुस्तान में बहुत शहर है जो मेड इन चाइना का मुकाबला कर सकते है मगर इसके लिये नरेन्द्र मोदी वाली हथकडियों को तोडना पड़ेगा। गठबंधन की सरकार आने पर हम हम जीएसटी बदल देंगे। एक टैक्स होगा, कम टैक्स होगा। मजदूरों और किसानो के हित के लिहाज से कर निर्धारित किया जायेगा।

श्री गांधी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़े उद्योगपति और बालीवुड की हस्तियां आयी मगर किसी दलित, मजदूर, किसान का चेहरा नहीं दिखा। यहां तक कि आदिवासी मूल की राष्ट्रपति को भी कार्यक्रम में आने से रोक दिया गया। बाद में जब उन्होने यह बात उठायी तो कुछ दिन पहले उनको मंदिर आने को कहा गया। उन्होने कहा कि सरकार आने पर महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत एक लाख रुपये सालाना दिये जायेंगे जबकि युवाओं को अप्रेंटिसशिप के तौर पर एक साल तक किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी उपक्रम में रोजगार मिलेगा।

# श्रमिक कालोनियों पर भी है भाजपा सरकार की निगाह : अखिलेश

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर कानपुर के औद्योगिक स्वरुप को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मिलों पर ताला लटकवाने वाली यह सरकार अब लेबर कालोनियों पर भी निगाह रखे हुये है।

जीआईसी ग्राउंड पर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश सातवें आसमान पर है और चुनाव का सातवां चरण खत्म होने के साथ भाजपा का पूरे देश में सफाया हो जायेगा।

उन्होने कहा कि कानपुर के उद्यमियों और कारीगरों ने अपने दम पर उद्योग नगरी की पहचान बनायी। सरकार को इनकी मदद करनी चाहिये थी मगर सरकार ने बंद मिलों को शुरु करने का कोई प्रयास नहीं किया बल्कि ये लोग लेबर कालोनियों को भी हडपना चाहते हैं।

यादव ने कहा कि कानपुर में बिजली में निजी सहयोग से लगा बिजली संयंत्र सपा सरकार की देन है। मेट्रो भी समाजवादियों की देन है। हम कानपुर के नौजवानों को रोजगार देकर कानपुर को 'कामपुर' बनाना चाहते हैं। यहां के लोगों को काम मिल जाये, इस दिशा में काम करेंगे।

उन्होने कांग्रेस उम्मीदवार राजाराम पाल और आलोक मिश्रा को विजयी बनाने की अपील करते हुये कहा कि ये चुनाव हमारी आने वाली पीढी का है। ये संविधान बचाने का चुनाव है।

यादव ने कहा कि भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार का हर वादा झूठा निकला। दस साल में कोई वादा पूरा नहीं किया। किसानो की आय दोगुनी नहीं हुयी बल्कि खाद भी बोरी से चोरी हो गयी।

# दिव्यांग जनों द्वारा किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन




विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्ती -करण अधिकारी राज कुमार ने बताया कि जनपद सीतापुर में लोक सभा समान्य निर्वाचन 2024 मतदान प्रतिशत बढाने हेतु आज दिनांक 10 मई 2024 को विकास भवन परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने हरी झन्डी दिखाकर शुभारम्भ किया।

रैली विकास भवन परिसर से ऑख अस्पताल, तरणताल, जी0आई0सी0 चौराहा व कोतवाली होते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में सकुशल सम्पन्न हुयी, जिसमें जिला स्वीप आईकान (दिनेश कुमार) व बड़ी संख्या में दिव्यांग बन्धु एवं विभागीय कर्मचारी कमलेश कुमार (वरिष्ठ सहायक), गजेन्द्र सिंह (कम्प्यूटर आपरेटर), अंकित शुक्ला, इस्तियांक अली, बन्दू मौर्या तथा स्वैच्छिक संस्था माया मानसिक एवं बधिर विद्यालय, सीतापुर के प्रबन्धक प्रमोद कुमार मिश्रा एवं श्रीमती सरोज मिश्रा प्रधानाध्यापिका आदि उपस्थित रहे।

जागरूकता अभियान में दिव्यांग जनों ने दिव्यांगजनो ने ठाना है, शतप्रतिशत मतदान कराना है। कोई भी मतदाता छूट न जाये, मताधिकार का फर्ज निभाये। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो तथा वृद्ध, युवा, महिला, दिव्यांग, चलो करें सब मिलकर मतदान जैसे स्लोगन के माध्यम से शत -प्रतिशत मतदान बढ़ानें की अपील की।

# पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 10 इनामी बदमाश, दस दिनों में 273 वारंटी हुए गिरफ्तार

ललितपुर। झांसी, आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत डीआईजी झाँसी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार की श्रृंखला के क्रम में रेंज पुलिस द्वारा पुरूस्कार घोषित अपराधी 10 व 273 गैर जमानती वारंटियों के विरूद्ध की गयी प्रभावी कार्यवाही ऑपरेशन प्रहार के तहत माह अप्रैल में रेंज पुलिस द्वारा पुरस्कार घोषित 10 इनामियां शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार। ऑपरेशन प्रहार के तहत विगत 10 दिनों के अन्दर रेंज पुलिस द्वारा 273 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार। पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध विशेष



अभियान ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके क्रम में झाँसी परिक्षेत्र के जनपद झाँसी, जालौन व ललितपुर में माह अप्रैल में 50 हजार रू0 का पुरस्कार घोषित इनामिया अभियुक्त 01, 25 हजार रू0 के पुरस्कार घोषित अभियुक्त 07 तथा 15 हजार रू0 का पुरस्कार घोषित इनामियां अभियुक्त 01, 10 हजार रू0 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त 01 कुल 10 इनामियां अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, इसके अतिरिक्त दिनांक 27-04-2024 से अबतक कुल 273 वारन्टि अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

माह अप्रैल में पुरस्कार घोषित कुल 10 इनामियां अपराधी गिरफ्तार जनपद जालौन का 50 हजार रू0 का इनामिया अपराधी लईक पुत्र मो0 उमर निवासी ब्रजपुरी परवाना रोड थाना जगतपुरी ईस्ट दिल्ली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जनपद जालौन का 25 हजार रू0 का इनामिया अपराधी जनक शर्मा पुत्र देवीदत्त शर्मा निवासी धर्मपुर थाना नजबगढ़ दिल्ली साउथ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जनपद ललितपुर का 25 हजार रू0 का इनामिया अपराधी रामराजा पुत्र मंजू उर्फ बब्लू निवासी मो0 रामनगर कूड़े के ढेर के बगल में थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जनपद ललितपुर का 25 हजार रू0 का इनामिया अपराधी अजय राजा पुत्र स्व0 मुमेर सिंह निवासी बयाना नाला के पास थाना कोतवाली जनपद ललितपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कर जेल भेजा गया। जनपद ललितपुर का 25 हजार रू0 का इनामिया अपराधी सुशील पुत्र रामललन निवासी मानवनगर गुरूद्वारे के पीछे कृष्णानगर लखनऊ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## महिला का कटा सिर और हाथ मिला

अलीगढ़। अलीगढ़ के गभाना में गुरुवार देर रात नहर में महिला का कटा हुआ सिर और हाथ मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के शव के अवशेष नहर में एक पॉलीथिन में बंद थे। जब लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से पॉलीथिन को बाहर निकलवाया। इसमें महिला का कटा हुआ सिर और हाथ था। आरोपी पॉलीथिन में बंद करके इसे नहर में फेंक गए थे और अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पिछले कई दिनों से नहर में पड़ा हुआ है। क्योंकि अवशेष सड़ने लगे थे। गभाना के गांव मढ़ौला से गंग नहर गुजर रही है। इस नहर में पिछले लगभग 20 दिनों से पानी नहीं है और यह पूरी तरह से सूखी हुई है। इसके चलते ग्रामीण अपने पशु चराने के लिए उतर जाते हैं। गुरुवार रात को भी यहां पशु चर रहे थे और उनके मालिक उन्हें वापस बुलाने के लिए नहर में उतरे थे।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ललितपुर। जाखलौन लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा एक वारटी अभियुक्त रामजीवन उर्फ नन्ना पुत्र खलक सिंह उर्म करीब 49 निवासी ग्राम मादौन थाना जाखलौन जिला ललितपुर सम्बन्धित केस नं0 3526/17 धारा 452/323/504/506/406 भादवि के वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी ।गिरफ्तारी करने वाले टीम उ0नि0 सुबोध सिंह का0 हरिओम आदि शामिल रहे।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ने ली परेड की सलामी



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्र हैंडलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का कराया गया अभ्यास ।पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा FIRST AID KIT व दंगा नियंत्रण उपकरण चैक किये गये ।यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निर्माणाधीन बिल्डिंग, पुलिस स्नानागार,बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यवेक्षक गणों ने अधिकारियों के संग बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोग द्वारा नामित विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी0 नायक, विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह एवं विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विशेष प्रेक्षक (सामान्य) द्वारा निर्देश दिये गये कि आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समस्त तैयारियां पूर्ण की जाये। पोस्टल बैलेट से मतदान सम्बन्धित सुरक्षा मानकों को पूर्ण किया जाए एवं आयोग के निर्देशानुसार सभी गतिविधियों की सूचना समय से प्रत्याशियों को दी जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु सभी मानक पूरे किए जाए एवं मतदान केंद्रों पर अनुमन्य व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य के द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग न किया जाय। मतदान की गोपनीयता भंग करने अथवा नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाये।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा, 2 गिरफ्तार

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में क्राइम ब्रांच और करौंदीकला पुलिस टीम ने शुक्रवार को अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा किया है। जहां से 2 तस्कर 8 अवैध असलहों व 15 अर्द्ध निर्मित असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें एक तस्कर गन हाउस की दुकान पर काम करता था। वहां से असलहा बनाने का काम सीखने के बाद उसने अवैध फैक्ट्री डाल दी। एक आरोपी प्रयागराज और दूसरा सुल्तानपुर में तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी की गिरफ्तारी करौंदीकला के शोधनपुर लोहारटोला से हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी धीरेंद्र वर्मा को इनपुट मिला था कि करौंदीकला के शोधनपुर लोहारटोला में अवैध असलहा तैयार किया जा रहा ।शुक्रवार सुबह थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह की टीम के साथ दबिश मारी गई। जहां एक पुराने मकान में दो अज्ञात व्यक्ति आकार ठहरे हुए थे। पुलिस तथा क्राइम ब्रांच टीम ने घेराबंदी कर दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## ज्ञानवापी की सुनवाई के दौरान वकीलों में मारपीट

वाराणसी। वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय की फास्ट ट्रैक कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी की सुनवाई के दौरान वकीलों में मारपीट हो गई। मूलवाद की सुनवाई में पक्षकार बनाने की जिरह के दौरान दोनों वकीलों ने आपा खो दिया। सिविल जज के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ लेकिन उनके अंदर जाते ही एक दूसरे को गाली गलौज शुरू कर दिया। विवाद में एक अधिवक्ता ने दूसरे पर हमला कर दिया, लात-घूसे मारते हुए उन्हें कोर्ट रूम से बाहर कर दिया। हालांकि कोर्ट परिसर में मौजूद अन्य वकीलों ने बीच बचाव किया। शुक्रवार को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक प्रशांत कुमार की अदालत में आदिविश्वेश्वर के वाद में शैलेंद्र पाठक और जैलेंद्र पाठक को पक्षकार बनाने अर्जी पर सुनवाई हो रही थी। अदालत ने रिकॉल प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए पक्षकार बनाने की अर्जी पर दोनों पक्षों से दलील मांगी। वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी की ओर से पक्षकार बनने की अर्जी पर आपत्ति दाखिल की गई, जिसका मुस्लिम पक्ष ने विरोध किया। इसके बाद केस में दलील के दौरान हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी ने केस के 30 साल तक लिंगर-ऑन होने पर सवाल उठाए।

## उन्नाव में सड़क हादसे में 2 सगे भाइयों की मौत

उन्नाव। उन्नाव में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो सगे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड शवों की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक ही परिवार के दो लोगों की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। घटना दही थाना क्षेत्र के पुरवा-मौरावा मार्ग पर दरोगाखेड़ा गांव के पास की है। गोपालखेड़ा के रहने वाले राधेलाल के दो बेटों में अनुज (30) और पप्पू (25) सुबह लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लोन नदी के पास संचालित ढाबा पर काम करने जा रहे थे। अनुज ढाबे में खाना बनाने और पप्पू साथ में हेल्पर का काम करता थे। बाइक पर सवार दोनों भाई दही थाना क्षेत्र के दरोगाखेड़ा गांव के पास पहुंचे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस ने शवों की पहचान के बाद परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की। घटना के समय बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। अनुज की पत्नी मन्नो के एक बेटी यशी और बेटा यश है। पप्पू अविवाहित था। परिजनों ने लखनऊ में एक संस्था के माध्यम से शादी का रजिस्ट्रेशन कराया था।

## लहुलूहान हालत में मिला युवक का शव

अलीगढ़। अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के टेंटी गांव में एक युवक का शव लहुलुहान हालत में पड़ा मिला। वह गुरुवार को अपने ताऊ के बेटे के साथ शहर आने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह रास्ते में ही रुक गया और उसका भाई अलीगढ़ आ गया था। इस बीच सड़क किनारे शव मिलने से आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए। शव मिलने की जानकारी लोगों ने तत्काल पुलिस को दी। जिसके बाद खैर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजन युवक की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गोंडा थाना क्षेत्र के गांव रामेतगढ़ी निवासी होशियार सिंह गुरुवार शाम को अपने ताऊ के बेटे के साथ घर से निकला था। वह दोनों किसी काम से अलीगढ़ जा रहे थे। लेकिन बीच में ही होशियार सिंह का मन बदल गया। फिर वह नगला बिरकू के निकट रुक गया और अपने भाई को अकेला भेज दिया। जिसके बाद होशियार के ताऊ का बेटा अकेले ही शहर आया था। जब वह वापस लौट रहा था तो उसके भाई का शव टेंटीगांव के नजदीक सड़क के किनारे पड़ा हुआ था और वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। भीड़ देखकर वह रुक गया और सड़क किनारे पड़े शव को देखा। जिसके बाद उसके होश उड़ गए और उसने परिजनों को सूचना दी।

# हम भारत के लोकसभा चुनावों में बिलकुल भी शामिल नहीं : अमेरिका

**–रूस ने लगाया था आरोप अमेरिका भारत के चुनावों में कर रहा हस्तक्षेप**

वाशिंगटन। हम भारत के लोकसभा चुनावों में बिलकुल भी शामिल नहीं है, क्योंकि हम दुनिया में कहीं भी चुनावों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। यह बात अमेरिकी प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कही। चुनाव पर फैसला भारत को लेना है। मिलर रूस के उन आरोपों पर जवाब दे रहे थे, जिसमें रूसी विदेश मंत्रालय ने दावा किया था कि अमेरिका भारत के चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने भारत और अन्य देशों के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के संबंध निराधार आरोप लगाने को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की थी। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि विदेशों से चुनाव में हस्तक्षेप की कोशिश हो रही है लेकिन वे सफल नहीं होंगे। हालांकि, पीएम मोदी ने किसी देश का नाम नहीं लिया था। एक रिपोर्ट में अमेरिका में रह रहे खालिस्तानी अलगावादी पन्नू की हत्या की साजिश रचने में भारतीय खुफिया एजेंसी के अधिकारी का नाम लिया था। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए जखारोवा ने कहा था कि नई दिल्ली के खिलाफ नियमित निराधार आरोप, अमेरिका की राष्ट्रीय मानसिकता के साथ ही भारतीय



राज्य के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ में गलतफहमी और एक देश के रूप में भारत का अनादर दिखाता है। यही कारण है कि अमेरिका भारत में चल रहे लोकसभा चुनावों को जटिल बनाने के लिए आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास करते हैं। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। जखारोवा ने कहा कि हम देखते हैं कि अमेरिका न केवल भारत बल्कि कई दूसरे देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने का आधारहीन आरोप लगाता है। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मिलर ने पन्नू के खिलाफ कथित साजिश को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह एक सार्वजनिक रूप से लगाया गया अभियोग है, जिसमें कथित तथ्य शामिल हैं। जब तक जूरी के सामने साबित नहीं हो जाते वे तब तक आरोप हैं। कोई भी इसे पढ़ सकता है। मिलर ने कहा कि वह इस बारे में बात नहीं करेंगे क्योंकि यह एक कानूनी मामला है और इसे उसी पर छोड़ देना चाहिए।

# कतर के बाद भारत को फिर मिली कामयाबी ईरान ने 5 भारतीयों को छोड़ा

तेहरान। भारत को अपनी कूटनीति में एक बार फिर कामयाबी मिली है। इजरायल से जुड़े पुर्तगाल के मालवाहक पोत पर सवार 5 भारतीयों को ईरान ने छोड़ दिया है। नई दिल्ली की ओर से भारतीयों की रिहाई को लेकर लगातार कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे थे। अब तेहरान ने 5 भारतीयों को छोड़ दिया है। ईरान में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। बता दें इससे पहले कतर से इंडियन नेवी के 8 पूर्व जवानों को सकुशल स्वदेश वापसी के बाद भारत को एक और बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली थी। पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि मुक्त किए गए लोगों में 5 भारतीय समेत एक फिलिपींस का नागरिक और एक एस्टोनियाई नागरिक शामिल है। इस कंटेनर जहाज का इजरायल के साथ संबंध होने के कारण ईरान ने इसे जब्त किया था। पुर्तगाल ने जब्त किए गए जहाज से चालक दल के सात सदस्यों की रिहाई का स्वागत किया है। पुर्तगाल ने अब बचे हुए 17 चालक दल के सदस्यों की तत्काल रिहाई की मांग की है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर नेवी ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के करीब कंटेनर जहाज एमएससी एरीज को कब्जे में ले लिया था। इसमें 17 भारतीय नागरिक सवार थे। जहाज आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर जाते हुए देखा गया था। इजरायल और ईरान के बीच बढ़े हुए संघर्ष के दौरान जहाज को कब्जे में लिया गया था। जहाज जब्त करने के बाद ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'यह निश्चित है कि यह जहाज यहूदी शासन से जुड़ा है।' जहाज पर सवार भारतीय क्रू मेंबर को रिलीज करने की मांग भारत ने उठाई थी। 14 अप्रैल को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ भारतीय क्रू मेंबर की रिहाई पर चर्चा की थी। डॉ. जयशंकर ने चालक दल की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए ईरान से सहायता मांगी थी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा था कि भारतीय अधिकारियों को चालक दल से मिलने की इजाजत दी जाएगी। इस जहाज पर भारतीय क्रू मेंबर के साथ चार फिलिपींस के नागरिक, दो पाकिस्तानी, एक रूसी और एक एस्टोनियाई शामिल थे।

# किशोरी को 10 नाबालिग लड़कों ने जंगल में बुलाकर किया गैंगरेप

ब्रूशेल्स। यहां एक गैंगरेप के मामले ने पूरे देश को हिला दिया है। 14 साल की किशोरी लड़की को 10 नाबालिग लड़कों ने लालच देकर जंगल में बुलाया और बारी बारी से रेप किया। आरोपी में सबसे कम उम्र का लडका 11 साल का है। 10 में से 6 आरोपी पास के ही एक इंस्टिट्यूय में पढ़ाई करते थे। वहीं चार को नजरबंद करके रखा गया था। रिपोर्ट में बताया गया, सभी आरोपी नाबालिग हैं और इसमें सबसे छोटा 11 साल का है। ऐसे में उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती। हालांकि सभी आरोपियों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया। फिलहाल ज्यादा ध्यान पीड़िता पर देने की जरूरत है। उसकी काउंसलिंग की जा रही है। घटना वेस्ट फ्लैंडर्स प्रांत की है। घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। रिपोर्ट के मुताबिक एक लड़के ने लड़की को लालच देकर इलाके के पास के जंगल में बुलाया। वहां पहले से ही आरोपी के अन्य साथी मौजूद थे। बताया गया कि ईस्टर की छुट्टियों के दौरान चार दिन में ही तीन बार लड़की के साथ रेप किया गया। इसी तरह का केस तीन साल पहले भी बेल्जियम में सामने आया था। इसके बाद फ्लेमिश पार्ल्यामेंट में भी इस मामले को लेकर चर्चा भी हुई थी। यौन उत्पीड़न के मामलों में सजा को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग की गई थी। प्रस्ताव लाया गया था कि 14 साल से कम के आरोपियों की हिरासत को बढ़ाकर दो साल कर दिया जाए। 14 से 16 वालों के लिए पांच साल और 16 से ऊपर वालों के लिए सात साल की कैद का प्रावधान किया जाए।

# गाजा पट्टी के शहर रफा में अपना अभियान जारी रखेगा इजरायल

यरुशलम। मिस्र के काहिरा में इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता विफल होने के बाद इजरायली सेना दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर रफा में अपना अभियान जारी रखेगी। एक इजरायली अधिकारी ने मीडिया को ये जानकारी दी। एक समाचार एजेंसी ने बताया कि रफा के साथ सीमा पर बड़े पैमाने पर इजरायली सैनिकों की तैनाती की गई है। एक इजरायली अधिकारी ने पुष्टि की कि काहिरा में वार्ता विफल होने के बाद इजरायली प्रतिनिधिमंडल काहिरा छोड़ चुका है। अधिकारी ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या इजरायल गाजा के दक्षिणी छोर पर रफा में और अधिक क्षेत्रों में आक्रमण का विस्तार करेगा, जहां लगभग 1.2 मिलियन आंतरिक रूप से विस्थापित फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी की खबर के अनुसार, रफा पर इजराइल के जारी जमीनी हमले के कारण वार्ता रोक दी गई है। रफा शहर पर हमले गहराने पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इजरायल को हथियारों की सप्लाई रोक दी जाएगी। इस पर टिप्पणी करते हुए इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसके पास गाजा में अभियान जारी रखने के लिए पर्याप्त हथियार हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने एक बयान में कहा ?कि आईडीएफ के पास उन ऑपरेशनों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना रहा है, रफा में ऑपरेशन के लिए भी। उन्होंने जोर देकर कहा ?कि हमें जो चाहिए वो हमारे पास है।

# मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक, विदेश मंत्री के भारत दौरे के बाद घोषणा

माले/ नई दिल्ली। मालदीव ने भारत के सभी सैनिकों को निकाल दिया है। ये सभी भारत लौट चुके हैं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव से हमारे सभी सैनिक भारत लौट चुके हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे।



स्वीडन में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान चलाने वाली ग्रेटा थेनबर्ग यूरोविजन सोंग कंटेस्ट में अपने समर्थकों के साथ इजरायल की भागीदारी का विरोध करते हुए।

# नासा के वैज्ञानिक का दावा... इन ग्रहों में हो सकती है एलियंस की मौजूदगी

वाशिंगटन। एलियंस की मौजूदगी को लेकर तरह-तरह के दावे हो रहते हैं। कभी उनके यान को देखने की बात सामने आती है, कभी उनके धरती पर उतरने की। लेकिन कोई भी पुख्ता तौर पर ये नहीं कह सकता है कि एलियंस का अस्तित्व है भी या नहीं। मगर अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिक ने इनके बारे में सनसनीखेज खुलासा किया है। उनके मुताबिक, एलियंस शायद उस जगह हो सकते हैं, जहां कभी सूर्य नहीं उगता। या ऐसी जगह, जहां गर्म लावा फैल रहा हो। नासा वैज्ञानिक रहीं डॉ.लिसा काल्टेनेगे ने अपनी लिखी किताब में इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा, हमने 1992 में पहले ग्रह की तलाश की थी। तब से 5000 से ज्यादा एक्सोप्लैनेट की तलाश की जा चुकी है। इसमें से 70 ग्रह हैं, जहां जीवन की मौजूदगी लायक चीजें मौजूद हैं। हालांकि, इनमें से कुछ 17,000 प्रकाशवर्ष हैं। यानी इतनी दूर कि अगर मानव निर्मित सबसे तेज रॉकेट सभी कोई जाए तब पहुंचने में 69 लाख वर्ष लग जाएंगे। इसके बावजूद, उस जगह पर एलियंस की पहचान मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। डॉ. लिसा ने कहा, एलियंस की तलाश काफी कठिन है। क्योंकि ऐसा भी हो सकता है कि जब वे हमारे सामने हों और हमें घूर रहे हों, तब भी हम उन्हें पहचान न पाएं। एक रिपोर्ट के अनुसार 29 एक्सोप्लैनेट हैं, जहां जीवन होने की संभावना काफी ज्यादा है। ये धरती की तरह ही हैं। लेकिन प्रॉक्सिमा सेंटॉरी ऐसी जगह है, जहां एलियंस हो सकते हैं। धरती से 4.25 प्रकाश वर्ष दूर स्थिति इस जगह पर सूर्य कभी अस्त नहीं होता, कभी उगता नहीं। यह किसी के रहने लायक सबसे अच्छी दुनिया हो सकती है। दूसरी जगह, कोरोट-7 बी एक्सोप्लैनेट हो सकता है। यह पृथ्वी से 489 प्रकाश वर्ष दूर है, लेकिन इससे हमेशा गर्म लावा टपकता रहता है। इंसानों के लिहाज से यह काफी कष्टकारी जगह होगा, जहां जीवन की संभावना न के बराबर है।

# नेतन्याहू ने अमेरिका से कहा- हथियार खत्म होने के बाद भी नाखूनों से दुश्मनों को नोंच डालेंगे इजराइली सैनिक

**तेलअवीव (एजेंसी)।** हमास का नामोनिशान मिटाने पर तुला इजराइल किसी की बात मानने को तैयार नहीं है। इसी से नाराज अमेरिका ने इजराइल से कहा कि अमेरिका इजराइल को हथियार नहीं देगा। इस पर नेतन्याहू ने साफ कहा कि हमारे पास हथियार खत्म हो जाएंगे तो भी हमारे सैनिक दुश्मनों को नाखूनों से नोंच नोंच कर खत्म कर देंगे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हथियार खत्म हुए तो एक-एक इजरायली दुश्मनों को नाखूनों से नोचेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल हार नहीं मानेगा और अकेले खड़ा रहेगा। इजरायल प्रधानमंत्री जो बाइडन के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अगर इजरायल राफा में आबादी वाले इलाकों में अपना सैन्य अभियान शुरू करता है तो अमेरिका हथियारों की आपूर्ति रोक देगा। इजरायल राफा पर हमले की तैयारी कर रहा है, जो गाजा में हमास का आखिरी बचा गढ़ है। यहां पर 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी मौजूद हैं।



नेतन्याहू ने कहा, अगर हमें अकेले खड़ा होना पड़ा तो हम अकेले खड़े होंगे। अगर हमें जरूरत पड़ी तो हम अपने नाखूनों से लड़ेंगे, लेकिन हमारे पास नाखूनों से ज्यादा है और एकता की ताकत व ईश्वर की मदद से हम जीतेंगे। नेतन्याहू ने इस दौरान इजरायल की आजादी लड़ाई को याद करते हुए 1948 के युद्ध का जिक्र किया और कहा, हमारे पास हथियार नहीं थे। इजरायल पर हथियारों का प्रतिबंध था, लेकिन बीच भावना, वीरता और एकता की महान शक्ति के हम विजयी हुए।

हालांकि, अमेरिकी टॉक शो के प्रस्तोता फिल मैकग्रा के साथ इंटरव्यू में नेतन्याहू ने बाइडन के प्रति नरमी बरती। उन्होंने कहा, हमारे बीच अक्सर समझौते होते थे, लेकिन हमारी असहमति भी होती थी। मुझे उम्मीद है कि हम उन पर काबू पा सकते हैं, लेकिन अपने देश की रक्षा के लिए हमें जो करना होगा हम करेंगे। कोई भी दबाव हमें इजरायल की रक्षा करने से नहीं रोक सकता। अमेरिका से हथियारों के मामले पर नेतन्याहू को वार कैबिनेट में शामिल बेनी गैंट्ज और रक्षा मंत्री यौव गैलेंट का भी समर्थन मिला है।

# अमेरिका और फिलीपींस ने किया युद्धाभ्यास, चीन को लगी मिर्ची



**–फिलीपींस और चीन के बीच कुछ समय से तनातनी चल रही है**

**मनीला (एजेंसी)।** अमेरिका और फिलीपींस के सैनिकों ने जेवलिन मिसाइलें लॉन्च कीं और हॉवित्जर तोपों से अभ्यास शुरु किया है। दक्षिण चीन सागर के तट पर फिलीपींस ने इस आक्रामक अभ्यास से ड्रेगन को दिखा दिया कि वह किसी भी समुद्री आक्रमण को विफल कर सकता है। यह अभ्यास उत्तरी इलोकोस प्रांत के तटीय शहर लाओआग के तटों पर किया गया, फिलीपींस का ये हिस्सा चीन के सबसे नजदीक है। विशेषज्ञों का माना है कि इस अभ्यास के जरिए अमेरिका ने चीन को संदेश दिया गया है कि ताइवान या फिलीपींस में उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। चीन ने इस पर आपत्ति जताई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के जहाजों और चीन के बीच बीते कुछ समय से तनातनी बढ़ी हुई है। चीन अपनी नौ-डैश लाइन के तहत लगभग पूरे क्षेत्र पर दावा करता है, जिसे 2016 में एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने खारिज कर दिया था। युद्ध अभ्यास के कुछ हिस्से फिलीपींस की 19 किमी क्षेत्रीय सीमा के बाहर और मनीला के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर भी पानी में आयोजित किए गए, जो करीब 370 किमी तक फैला हुआ है।

इस अभ्यास में नए अमेरिकी हथियारों का भी प्रदर्शन किया गया जिन्हें संघर्ष के दौरान फिलीपींस में तैनात किया जा सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहली बार अमेरिकी सेना ने एक नया मध्य दूरी का मिसाइल लांचर तैनात किया, जिसे टायफॉन कहा जाता है। ये उत्तरी फिलीपींस से दक्षिण चीन सागर और मुख्य भूमि चीन में चीनी ठिकानों और ताइवान में लक्ष्य तक पहुंचने में सक्षम है। सिंगापुर में एस राजारत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के एक वरिष्ठ फेलो कोलिन कोह ने कहा कि अमेरिका और फिलीपींस की सेनाओं ने दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्रों के करीब, पालावान के पश्चिमी द्वीप पर हिमारस मिसाइल प्रणाली को उतारने के लिए एक होवरक्राफ्ट का भी उपयोग किया।

# इजराइल राफा में घुसा तो हथियार नहीं देंगे : बाइडेन

वाशिंगटन। बाइडेन ने नेतन्याहू को चेतावनी दी है कि अगर इजराइली सैनिक राफा में घुसे तो वे इजराइल को दिए जाने वाले हथियारों की सप्लाई रोक देंगे। बाइडेन ने कहा है कि इजराइल को राफा में मिलिट्री ऑपरेशन और अमेरिकी हथियारों के बीच किसी एक को चुनना होगा। अमेरिका अब तक इजराइल को दिए जाने वाले हथियारों की एक खेप को रोक चुका है। 2 हजार पाउंड के बमों की एक खेप इजराइल भेजी जानी थी। जिसे पिछले हफ्ते रोक दिया गया। पिछले 7 महीनों से जारी जंग के बीच ऐसा पहली बार हुआ। बाइडेन ने माना कि अमेरिका के हथियारों से गाजा में आम नागरिकों की मौत हुई है। अमेरिका का मानना है कि इजराइल अमेरिका से मिलने वाले बमों का इस्तेमाल राफा के रिहायशी इलाकों में हमलों के लिए कर सकता है। जबकि अमेरिका नहीं चाहता की इजराइल राफा मिलिट्री ऑपरेशन को अंजाम दें।



# रुस का सनसनीखेज दावा... भारत के चुनाव में अमेरिका का दखल

**–खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के मामले में भारत के साथ रुस**

**मास्को (एजेंसी)।** भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच रूस ने सनसनीखेज दावा किया है। रूस ने दावा कर कहा हैं कि अमेरिका भारत के चुनावों में दखल देने की कोशिश कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने आरोप लगाया कि अमेरिका भारत में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने और आम चुनावों को जटिल बनाने की कोशिश कर रहा है। इतना ही नहीं, रूस ने पन्नू केस में अमेरिका को फटकार लगाकर भारत का साथ देकर कहा कि अमेरिका ने अभी तक आरोपों पर एक भी सबूत पेश नहीं किया। रुसी प्रवक्ता जखारोवा ने कहा, 'वॉशिंगटन में भारत की राष्ट्रीय मानसिकता और इतिहास की सरल समझ का अभाव है, क्योंकि अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में निराधार आरोप लगाता रहा है। वॉशिंगटन की कार्रवाई स्पष्ट रूप से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। जहां तक अटकलों का सवाल है, चूंकि कोई सबूत नहीं है, इसलिए यह स्वीकार्य नहीं है। अमेरिका एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं कर रहा है। वहीं, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप पर रूस ने भारत का साथ दिया है। रूस ने पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता के अमेरिका के दावों को खारिज कर कहा कि वाशिंगटन ने अब तक कोई विश्वसनीय जानकारी या सबूत इस मामले में नहीं दिया है, जिससे यह साबित हो सके कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में भारत किसी भी तरह से संलिप्त था।

# पाकिस्तान में सेना और पीटीआई के बीच विवाद जारी

**– पीटीआई और सैन्य प्रतिष्ठान दोनों 9 मई को काला दिन के रूप में मनाते हैं**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने देश के शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया था। उस बात को गुरुवार 9 मई को एक साल पूरा हो गया, जब हिंसा, दंगे, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और प्रतिरोध का आह्वान एक ऐसी कहानी है, जिसे खान ने अप्रैल 2022 में सत्ता से बाहर होने के बाद से अपने समर्थकों में सफलतापूर्वक इंजेक्ट किया। पीटीआई और सैन्य प्रतिष्ठान दोनों एक-दूसरे को पीड़ित और हमलावर बताकर 9 मई को काला दिन के रूप में मनाते हैं। सत्तारूढ़ संघीय सरकार अपने गठबंधन के राजनीतिक सहयोगियों के साथ, जो सिंध, बलूचिस्तान और पंजाब में प्रांतीय व्यवस्था को नियंत्रित करते हैं, देश भर में पिछले साल संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों पर हिंसक हमलों को अंजाम देने वाले समर्थकों का



ब्रेनवॉश करने के लिए पीटीआई और इमरान खान की निंदा करते हैं। सैन्य प्रतिष्ठान भी इस मुद्दे पर मुखर है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल, चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) और सेवा प्रमुखों के साथ 9 मई, 2023 को किए गए आपराधिक कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। यह हमारे राष्ट्रीय इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। उपद्रवियों ने विद्रोह की कार्रवाई में जानबूझकर राज्य संस्थानों के खिलाफ हिंसा का सहारा लिया और राज्य के पवित्र प्रतीकों और राष्ट्रीय विरासत से संबंधित स्थलों को नुकसान पहुंचाया। सैन्य प्रतिष्ठान का कहना है कि उसने सुनियोजित हिंसा के दौरान अत्यधिक संयम दिखाया, जिससे यह उजागर हुआ कि प्रदर्शनकारियों और सशस्त्र बलों के बीच टकराव पैदा करने के दुर्भावनापूर्ण प्रयास को विफल कर दिया गया। आईएसपीआर ने साफ कर दिया है कि दंगों और हमलों के पीछे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आईएसपीआर के एक बयान में कहा गया है ?कि यही कारण है कि 9 मई की त्रासदी के योजनाकारों, सूत्रधारों और निष्पादकों के साथ न तो कोई समझौता किया जा सकता है और न ही उन्हें देश के कानून के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति दी जाएगी। वास्तविक दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना यह सुनिश्चित करने के लिए सर्वोपरि है कि भविष्य में कोई भी इस तरह के अनुचित आचरण से हमारे नायकों और हमारी एकता के प्रतीकों को अपमानित करने की हिम्मत नहीं करेगा। टीआई और सैन्य प्रतिष्ठान का एक-दूसरे के खिलाफ सख्त रुख एक साल बाद भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है, क्योंकि दोनों पक्ष अपनी बात मानने को तैयार नहीं हैं।

# अमेरिका ने रोकी इजराइल को 3500 घातक बमों की सप्लाई

**–राफा में चलाए जा रहे अभियान को रोकने बाइडन प्रशासन ने उठाया कदम**

**तेलअवीव (एजेंसी)।** गाजा में हमास-इजराइल युद्ध में बुरी तरह से फंसे इजरायल को अब अमेरिका ने भी धोखा दे दिया है। बाइडन प्रशासन ने इजरायल को 3500 घातक बमों की सप्लाई पर रोक लगा दी है। इजरायल के राफा में चलाए जा रहे अभियान को रोकने के लिए बाइडन प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

अमेरिका और यहूदी देश इजरायल के बीच चट्टानी दोस्ती दशकों पुरानी है। अक्सर कहा जाता है कि इजरायल अमेरिका का 51वें राज्य की तरह है। अमेरिका द्वारा 3500 बमों में से 2000 बम करीब 1 हजार किलो के हैं। जो शहरी इलाके में तबाही मचा सकते हैं और अमेरिका के डर की वजह भी यही है। राफा शहर में 14 लाख फलस्तीनी लोगों ने शरण ले रखी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के हथियारों की सप्लाई रोकने से पूरी दुनिया में संदेश गया है कि अमेरिका हथियार सप्लायर नहीं है। उन्होंने भारत को भी सतर्क रहने की नसीहत दी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि वह इजरायल को ऐसे हथियार नहीं देंगे जिससे राफा में ऑल आउट अभियान शुरू किया जाए। राफा हमास का आखिरी गढ़ है जिस पर अभी इजरायली सेना ने विजय हासिल नहीं की है। इजरायल ने जब गाजा में अभियान शुरू किया तब ज्यादातर फिलिस्तीनी राफा चले गए और अभी भी वहीं रह रहे हैं। बाइडन ने यह भी दावा किया कि अमेरिका अभी भी इजरायल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इजरायल को आयरन डोम के लिए इंटरसेप्टर मिसाइल और अन्य रक्षात्मक हथियारों की सप्लाई करेगा।

बाइडन ने कहा कि हम हथियारों और तोप के गोलों की सप्लाई नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने माना कि अमेरिका के दिए भारी भरकम बम का इजरायल ने जमकर इस्तेमाल किया जिससे गाजा में हजारों आम नागरिक मारे गए हैं। अमेरिका ऐतिहासिक रूप से इजरायल को सैन्य सहायता देता रहा है। अब अमेरिका के बम और तोप के गोलों की सप्लाई रोकने पर विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका जब अपने दोस्त इजरायल के साथ



ऐसा कर सकता है तो आप सोच सकते हैं भारत के साथ क्या होगा। भारत को हथियारों में आत्मनिर्भर बनने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# मुम्बई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी केकेआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में शनिवार को कप्तान श्रेयस अय्यर की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपने घरेलू मैदान पर हार्दिक पंड्या की मुम्बई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। केकेआर अंक तालिका में अभी 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं मुम्बई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। केकेआर का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं। ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

इस सत्र में केकेआर और मुंबई के बीच ये दूसरा मैच होगा जिसमें इससे पहले वाले मुकाबले को कोलकाता ने 24 रनों से जीता था जिससे भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अंक तालिका में केकेआर की टीम ने 11 मैचों में 8 जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी जगह तकरीबन पक्की की है। वहीं मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम है।

कोलकाता को अपने पिछले 3 मुकाबलों में जीत मिली है। पिछले मैच में केकेआर ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रन से हराया था। ऐसे में टीम में बदलाव की उम्मीद नहीं है। टीम के पास बेहतर संतुलन है और खिलाड़ी भी लय में हैं। यह इस सीजन कोलकाता का आखिरी घरेलू मैच भी होगा।

केकेआर का प्रयास इस मैच में मुम्बई को बड़े अंतर से हराना रहेगा।

वहीं मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में नहीं हैं। उसके गेंदबाजों के लिए केकेआर के सुनील नरेन, फिल साल्ट और अंगकृष रघुवंशी जैसे आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना संभव नहीं होगा।

इस मैच में मुम्बई उन खिलाड़ियों को भी आराम दे सकती है, जिन्हें टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।




इसमें लगातार खेल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है क्योंकि टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर है। इसके अलावा पीयूष चावला की जगह कुमार कार्तिकेय प्लेइंग 11 का हिस्सा बन सकते हैं। दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुम्बई के खिलाड़ी इस मैच को जीतकर केकेआर को झटका देना चाहेंगे। इस मैच में मुम्बई के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। पंड्या का प्रयास भी टी20 विश्वकप से पहले अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी को बेहतर बनाना रहेगा।

### टीम

**कोलकाता नाइटराइडर्स-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिचेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

इम्पैक्ट प्लेयर-वैभव अरोड़ा

---

**मुंबई इंडियंस-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, नुवान तुषारा।

इम्पैक्ट प्लेयर-डेवाल्ड ब्रेविस

# पंजाब पर जीत से आरसीबी के प्लेऑफ की संभावनाएं बरकरार

## -हमने अपने को साबित किया : डु प्लेसिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धर्मशाला (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यहां हुए अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस में अपने को बनाये रखा है। इस मैच में आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की अहम भूमिका रही। विराट के 92 रन की सहायता से टीम ने 241 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम 181 रन ही बना पायी। इस प्रकार वह प्लेऑफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है।



जीत से उत्साहित आरसीबी के कप्तान डु प्लेसिस ने मैच के बाद कहा कि यह एक अच्छा खेल था और हमने अपने को साबित किया है। हमने पिछले कुछ मैचों में लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाया है। हमारी रणनीति सफल रही। हमने पिछली गलतियों से सबक सीखा। आज आक्रामकता की जरूरत थी जो हमने अपनायी। गेंदबाजी करते हुए हमने सिर्फ विकेट लेने के बारे में बात की।

डुप्लेसिस ने कहा कि गेंदबाजी विभाग में हमारे पास 6 से 7 विकल्प हैं। हमें थोड़े से भाग्य का साथ भी जरूरी है। टूर्नामेंट की शुरुआत में हमारे पास कुछ लोग थे जो विकेट और रन की तलाश में थे। लड़कों ने इसे बदलने का काम किया है। हर कोई रन बना रहा है और गेंदबाज विकेट ले रहे हैं। हमारे लिए अपने पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। हम जिस शैली में खेलना चाहते हैं, उसी पर बरकरार रहना चाहते हैं, अगर हम ऐसा करते हैं तो यह साबित होगा कि हम वास्तव में एक अच्छी टीम हैं।

# टी20 विश्व कप में हसरंगा करेंगे श्रीलंकाई टीम की कप्तानी , पाथिराना भी शामिल

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। इस टीम की कप्तान स्पिनर वानिंदु हसरंगा को बनाया गया है। पथिराना के चयन पर इसलिए भी सवाल उठे हैं क्योंकि आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते समय वह चोटिल हो गये थे। इसके बाद वह आईपीएल सत्र से भी बाहर हो गये थे। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद यह पथिराना स्वदेश लौट गये थे। उन्होंने चेन्नई की तरफ से केवल 6 मैच में 13 विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 7.68 रहा। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका की भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी हुई है। चोटिल होने के कारण वह आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। इसके अलावा कप्तान हसरंगा भी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्हें भी चोटिल होने के कारण आईपीएल से हटना पड़ा था। टी20 विश्वकप में श्रीलंकाई टीम को दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल के साथ ग्रुप डी में शामिल किया गया है और वह 3 जून को न्यूयॉर्क में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।




**श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है -** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेललागे, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना, दिलशान मधुशंका।

**रिजर्व खिलाड़ी-** असिथा फर्नांडो, विजयकांत वियास्कंथ, भानुका राजपक्षे, जेनिथ लियानागे।

# द्रविड़ को मुख्य कोच पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा : जय शाह

**मुम्बई (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगर टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नए कोच की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। द्रविड़ का करार शुरू में दो साल का था लेकिन उन्हें और सहयोगी स्टाफ को नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद कार्यकाल में विस्तार दिया गया।



शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में कहा, 'हम अगले कुछ दिन में आवेदन मंगवाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने वाला है। उन्हें पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा। हमें दीर्घकालिन कोच चाहिए, तीन साल के लिए।' उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है लेकिन अंत में फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। समिति में जतिन परांजपे, अशोक मल्होत्रा और सुलक्षणा नाईक हैं। शाह ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट में अलग अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है। इसके अलावा हमारे पास कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं जैसे ऋषभ पंत, विराट कोहली और रोहित शर्मा।' उन्होंने कहा, 'यह फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। जो फैसला वह लेंगे, मैं उस पर अमल करूंगा। अगर वे कहेंगे कि विदेशी कोच चाहिए तो मैं दखल नहीं दूंगा।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है लेकिन शाह ने यह नहीं बताया कि वह इस पद की दौड़ में हैं या नहीं। उन्होंने कहा, 'मुझे यहां बीसीसीआई में रहने दीजिए। अटकलें लगने दीजिए लेकिन मुझे यहां रहने दीजिए। क्या मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं।'

# ओलंपिक चयन के लिए ट्रायल शनिवार से, कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज लेंगे हिस्सा

भोपाल। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो यहां मप्र प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी। पुरूषों के रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू नजर आएंगे।



## मेजर क्रिकेट लीग में खेलेंगे मैक्सवेल

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जुलाई में अमेरिका में होने वाली मेजर क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखेंगे। मैक्सवेल आईपीएल 2024 सत्र के बीच में ही शारीरिक और मानसिक थकान का हवाला देकर इससे अलग हो गये हैं। वह इस आईपीएल सत्र में गेंद और बल्ले से विफल रहे थे। मैक्सवेल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 11 करोड़ की मोटी रकम देकर खरीदा था। इसके बाद भी मैक्सवेल को मेजर लीग टीम वॉशिंगटन फीडम ने अपनी टीम में शामिल किया है। ये लीग टी20 विश्व कप के बाद अमेरिका में खेली जाएगी। वॉशिंगटन फीडम टीम में ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ भी खेलेंगे। वहीं, टीम के कोच रिकी पोंटिंग होंगे। ये लीग 4 जुलाई से शुरू होगी। ये इस लीग का दूसरा सीजन होगा।

# बॉलीवुड का प्रशंसक नहीं पर मुझे भारत से प्यार : लारा



मुम्बई। वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों को भारत काफी पसंद है। इन्हीं में दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा भी शामिल हैं। लारा आजकल आईपीएम में कमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बॉलीवुड का प्रशंसक नहीं हूं। मेरे देश में काफी भारतीय हैं, इसलिए बॉलीवुड को लेकर काफी रुचि है। मैं अंग्रेजी फिल्मों का भी शौकीन नहीं हूं। मैंने हैरी पॉटर जैसी सीरीज नहीं देखी है। उन्होंने कहा, ' मुझे भारत में मिलने वाला प्यार पसंद। उन्होंने कहा, 'जब भी आप भारत आते हैं तो जिस तरह से आप पर स्नेह बरसाया जाता है। आप किसी भी कोने में जाएं, आपको देखकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है। यह बहुत अच्छा लगता है और बहुत सकारात्मक भी है। लारा ने कहा, 'भारत में आने से मुझ पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मियामी बीच पर टहलते हुए हर कोई आपको धक्का देकर आगे बढ़ना चाहेगा लेकिन भारत में हर कोई आपकी ओर खिंचा चला आएगा। सनराइजर्स हैदराबाद के साथ बतौर कोच उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा पर उनकी नजर में यह टीम इस साल आईपीएल नॉकआउट में पहुंच सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं साफ कर देना चाहता हूं क्योंकि आपको लगेगा कि सनराइजर्स के साथ मेरा संबंध इतना खराब रहा लेकिन मैं चाहता हूं कि यह टीम आईपीएल में अच्छा करे। उन्हे छोले भटूरे पसंद हैं।


# पहले की तरह नहीं लेकिन कोहली अभी भी जबर्दस्त खिलाडी है : टॉम मूडी

**धर्मशाला (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमायें हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिये कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने 'स्टार स्पोटर्स क्रिकेट लाइव' पर कहा, '' यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।''

उन्होंने कहा, '' डीप से दौड़कर आना और इस तरह का थ्रो फेंकना आसान नहीं है। यह असाधारण है।'' कोहली के अब आईपीएल के इस सत्र में 12 मैचों में 634 रन हो गए जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ 11 मैचों में 541 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। मूडी ने कहा, '' वह सिर्फ फील्डर नहीं है बल्कि बल्लेबाज भी है। उसने 92 रन की बेहतरीन पारी खेली और इतने समय बल्लेबाजी करने के बावजूद मैदान पर इस तरह कोई और भाग नहीं सकता। दूसरी पारी में भी उसने गजब का फोकस, उत्साह, फिटनेस और चपलता बनाये रखी और इस तरह का रन आउट किया।



# वेंगसरकर ने यशस्वी को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे एक जुमीन से जुड़ा प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। वेंगसरकर ने कहा कि उन्होंने यशस्वी को अंडर 14 खेलने के दिनों से देखा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका ध्यान हमेशा अपने खेल पर ही रहता है। यशस्वी ने अपने पदार्पण के बाद से ही अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। वेंगसरकर ने कहा कि मैं उसे अपनी अकादमी के साथ इंग्लैंड ले गया था। वह काफी अच्छा खिलाड़ी है जिसका ध्यान अपने लक्ष्य पर रहता है। एक खिलाड़ी के रूप में वह बहुत भावुक और जमीन से जुड़ा हुआ है। आईपीएल के इस सत्र में यशस्वी शुरुआती मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद लय में आये और उन्होंने 11 मैचों में 32.00 की औसत और 157.63 की स्ट्राइक रेट से एक शतक और अर्धशतक के साथ ही 320 रन बनाये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा है। भारतीय टीम की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में इस बल्लेबजा ने 17 मैचों में 161.93 के स्ट्राइक रेट से एक शतक और चार अर्धशतक के साथ 502 रन बनाए हैं। उसे अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण टी20 विश्वकप के लिए शामिल किया गया है। अब देखना है कि यशस्वी का प्रदर्शन वहां कैसा रहता है।

# ईशान-अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला किसका, जय शाह ने किया खुलासा

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया।

ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे।




शाह ने बीसीसीआई कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहा, 'आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं।' उन्होंने कहा, 'वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था। मेरा काम बस उस पर अमल करने का है। हमें संजू सैमसन जैसा अच्छा खिलाड़ी मिल गया। कोई भी अपरिहार्य नहीं है।'

शाह ने कहा कि उन्होंने बाद में दोनों खिलाड़ियों से बात भी की। उन्होंने कहा, 'मैने उनसे बात की। मीडिया में रिपोर्ट भी आई थी। हार्दिक पांड्या ने भी कहा था कि अगर बीसीसीआई सफेद गेंद के क्रिकेट के लिए उन्हें चुनता है तो वह विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलने के लिए तैयार है। हर खिलाड़ी को खेलना होगा, भले ही वह नहीं चाहता हो।'

गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच मैच के बाद उन्होंने ईशान से क्या बातचीत की, यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'मैंने उसे कोई सलाह नहीं दी। यह दोस्ताना बातचीत थी कि उसे अच्छा खेलना चाहिए। मैं सभी खिलाड़ियों से ऐसे ही बात करता हूं।'

# मारोडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की जून में नीलामी होगी



रियो डि जिनेरो। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का साल 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उनकी कप्तानी में ही टीम ने 1986 में विश्वकप जीता था। इस जीत में माराडोना की अहम भूमिका रही थी। नीलामी घर अगुटेस हाउस के अनुसार गोल्डन बॉल ट्रॉफी पिछले काफी समय से गायब भी पर अचानक ही ये मिल गयी। माराडोना को ये ट्रॉफी 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए दी गयी थी। नीलामी घर को उम्मीद है कि ट्रॉफी की नीलामी में भारी रकम मिलेगी। विश्वकप टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। पिछले काफी समय से ये गोल्डन बॉल ट्रॉफी गायब थी जिसको लेकर अलग-अलग बातें कही गयी थीं। कुछ का कहना था कि ये ट्रॉफी एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। वहीं अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटली की एक लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। उसी में ये ट्रॉफी भी थी।

# भारतीय हॉकी स्टार अमित रोहिदास कैसे बने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फर्स्ट रशर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी स्टार अमित रोहिदास का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जहां सीमित साधन ही उपलब्ध थे। उनके पास सिर्फ एक ही विकल्प था, वो ये कि परिवार की किस्मत को बदलने के लिए जोखिम जरुर उठाए। उन्होंने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व ओलंपियन, दिलीप टिर्की, जो कि ओडिशा के सुंदरगढ़, रोहिदास के ही गांव हैं, से प्रेरित होकर हॉकी को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। हॉकी में उन्होंने सबसे मुश्किल काम को चुना था, जो कि पहला धावक बनने के साथ एक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ बनना था।

एक ऐसा खेल जिसमें पेनल्टी कॉर्नर सबसे लोकप्रिय स्टेल में शामिल है, यहां पहले दौड़ने वाले का काम सीधे ड्रैग-फ्लिकर पर दौड़ना और शॉट मारना होता है। खासतौर से जब गेंद 100 किमी प्रति घंटे की भी अधिक गति से आती है तो डर की आंखों में देखना उसका काम है, न कि घबराना और स्ट्रोक को रोकना, भले ही इसके लिए शरीर पर दर्दनाक प्रहार का सामना करना पड़े।

### जानें रोहिदास के बारे में

रोहिदास ने 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक 171 मैच खेले हैं, जिसमें 28 गोल किए हैं, जिनमें से अधिकांश पेनल्टी कॉर्नर से आए हैं। वर्ष 2017 से अपनी पोजिशन पर वो नियमित हैं जहां उन्होंने अपने मजबूत बचाव के साथ जगह पक्की कर ली है। वो टीम का एक अभिन्न अंग है। टीम के लिए उनकी सबसे बड़ी उपयोगिता फर्स्ट रशर के रूप में उनका अटूट प्रदर्शन है जिसने उन्हें दुनिया में काम में सर्वश्रेष्ठ बना दिया है। उन्होंने कहा कि अगर मैं पिच से बाहर हूं, तो मनप्रीत (सिंह) को पहला रशर नामित किया गया है, लेकिन अगर मैं पिच पर हूं, तो मैं पहला रशर हूं। यह टीम और कोच द्वारा तय किया गया है। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक मैच में भारत द्वारा जर्मनी को हराने के पीछे रोहिदास की बहादुरी प्रमुख ताकतों में से एक थी।

### फर्स्ट रशर का सिक्रेट

उन्होंने कहा कि ये काफी मेहनत वाली नौकरी है। अगर झटका खाने के बाद भी आगे नहीं बढ़ सकते हैं तो सबसे पहले ऐसा खिलाड़ी बनना होगा जो दौड़ने में माहिर हो। ये जोखिम भरा काम है, जिसके लिए लंबा संघर्ष करना होता है। इसके लिए खुद पर आत्मविश्वास भी होना जरुरी है। आमतौर पर एक गेंद 100 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से आती है। इस गेंद के पीछे दौड़ते समय सबसे महत्वपूर्ण बात सही तकनीक का होना है। रन तब बनता है जब गेंद ड्रैग-फ्लिकर की ओर खेली जाती है लेकिन रन के पीछे की योजना बहुत पहले से शुरू हो जाती है। आम तौर पर यह माना जाता है कि रशर्स की निगाहें पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ पर टिकी होती हैं। रोहिदास बताते हैं कि रशर्स का ध्यान पुशर पर अधिक होता है। पुशर या इंजेक्टर वह होता है जो ड्रैग-फ्लिक के लिए गेंद को बैकलाइन से सर्कल के किनारे तक पास करता है।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ड्रैग-फ्लिकर पर नहीं, बल्कि पुशर पर कड़ी नज़र रखें। ये पोजिशन बहुत अहम है क्योंकि अगर खिलाड़ी धक्का वाले को ध्यान से नहीं देखेंगे तो चोट लगने का खतरा रहता है। हमें धक्के की गति पर ध्यान देना होगा और फिर जांचना होगा कि कौन सी पेनल्टी कॉर्नर बैटरी शॉट ले रही है - क्या यह पहला है या दूसरा? कौन सी बैटरी शॉट ले रही है उसके अनुसार आपको अपनी दिशा बदलनी होगी। रोहिदास बताते हैं कि यदि आप अकेले दौड़ रहे हैं, तो आपको दोनों पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को रोकने की कोशिश करनी होगी। एक बैटरी प्रणाली में सर्कल के किनारे पर ड्रैग-फ्लिकर और स्टॉपर होते हैं। डबल बैटरी प्रणाली में, टीमें विरोधियों को भ्रमित करने या विविधताओं को अंजाम देने के लिए पीसी के दौरान दो पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को तैनात करती हैं।

# एयर इंडिया ने चालक दल के सदस्यों की वापस ली बर्खास्तगी

## - कंपनी को अब तक 176 उड़ानें रद्द करनी पड़ी

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार की शाम छुट्टी लेने वाले चालक दल के 25 सदस्यों को नौकरी से निकाल दिया। लेकिन शाम होते-होते कंपनी ने अपने फैसला बदल दिया और उन्हें वापस नौकरी पर रख लिया। इस पूरे घटनाक्रम के कारण कंपनी को मंगलवार से अब तक 176 उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ ने तत्काल कार्य शुरू करने का फैसला किया है। कंपनी ने यह फैसला मुख्य श्रम आयुक्त (मध्य) अशोक पेरूमाला के हस्तक्षेप के बाद लिया है, जिन्होंने विमानन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ के सदस्यों के साथ पांच घंटे की मैराथन बैठक की थी। गुरुवार की शाम पेरूमाला ने कार्यालय ने कहा कि विस्तृत चर्चा, अनुनय और सुलह अधिकारी और मुख्य श्रम आयुक्त (मध्य) की अपील के बाद संघ के प्रतिनिधि इस बात पर सहमत हुए कि बीमार होने की जानकारी देने वाले सभी चालक दल सदस्य फिटनेस प्रमाणपत्र के साथ तुरंत ड्यूटी शुरू करेंगे। पेरूमाला अपील के कारण विमानन कंपनी का प्रबंधन समेकित कार्रवाई के तौर पर चालक दल के 25 सदस्यों को तुरंत बहाल करने पर सहमत हुआ, जिन्हें 7 मई और 8 मई को बीमार होने की सूचना देने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। बयान में कहा गया है कि विमानन कंपनी का प्रबंधन सेवा नियमों के अनुसार इन चालक दल के सदस्यों के मामलों की समीक्षा करेगा। विमानन कंपनी पेरूमाला को आश्वासन दिया कि चालक दल के सदस्यों ने प्रबंधन के समक्ष और सुलह



कार्यवाही के दौरान जो भी मुद्दे उठाए हैं उन्हें देखा जाएगा और उसका हरसंभव हल किया जाएगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन और एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी यूनियन के बीच अगली बैठक 28 मई को होगी। 85 उड़ानें रद्द करने वाली विमानन कंपनी को उसकी मूल कंपनी एयर इंडिया ने सहायता की और वह उसके 20 मार्गों पर उड़ानें संचालित कर रही है। मंगलवार को 100 से अधिक चालक दल के सदस्यों आखिरी वक्त में बीमार होने की जानकारी देकर छुट्टी ली थी। नतीजतन, विमानन कंपनी को उड़ानों के संचालन में बाधाओं को सामना करना पड़ा।

# म्युचुअल फंड में निवेश अप्रैल में 20 हजार करोड़ के पार

## - बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों ने रिकॉर्ड 64 लाख एसआईपी खाते खोले




**नई दिल्ली ।**

म्युचुअल फंड में निवेश सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये किसी वित्तीय महीने में पहली बार 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों ने रिकॉर्ड 64 लाख एसआईपी खाते खोले। पिछले महीने खुले नए खातों की संख्या मार्च में पंजीकृत खातों के मुकाबले करीब 50 फीसदी ज्यादा रही। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का म्युचुअल फंड उद्योग नए स्तर पर पहुंच गया है और एसआईपी खातों में निवेश अप्रैल 2024 में 20,000 करोड़ रुपये के पार निकल गया।

यह बताता है कि म्युचुअल फंड उद्योग की निवेशकों के बीच स्वीकार्यता बढ़ी है जो अपनी बचत का निवेश करने और लंबी अवधि में परिसंपत्ति सृजित करने के लिए एसआईपी अपना रहे हैं। मुख्य बेंचमार्क सूचकांकों ने अप्रैल की समाप्ति करीब 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ की जबकि 18 अप्रैल तक के चार कारोबारी सत्रों में उसने गिरावट दर्ज की थी। दोनों सूचकांक इन चार कारोबारी सत्रों में करीब 3.4 फीसदी फिसल गए थे। हालांकि ऐक्टिव इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश मासिक आधार पर 16 फीसदी घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा, जिसकी मुख्य वजह लार्जकैप फंडों से ज्यादा निवेश निकासी और न्यू फंड ऑफर (एएफओ) में हुए संग्रह में गिरावट है। एसबीआई म्युचुअल फंड के एक अधिकारी के मुताबिक शुद्ध निवेश में गिरावट से संकेत मिलता है कि कुछ निवेशक मुनाफावसूली का विकल्प चुन रहे हैं और चुनाव नतीजों से पहले किनारे रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक माहौल में गर्मी और बाजार के उतार-चढ़ाव के दौर में स्मार्ट मनी बाहर निकल जाता है। यह लार्जकैप फंडों से निवेश निकासी और आर्बिट्रेज फंडों में ज्यादा निवेश से स्पष्ट होता है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया यानी एम्फी के आंकड़ों के अनुसार कुल मिलाकर उद्योग ने 2.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया और अकेले लिक्विड फंडों में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। मजबूत आवक और बाजार की चाल के कारण मार्क टु मार्केट लाभ के कारण कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 7 फीसदी की उछाल के साथ 57.3 लाख करोड़ रुपये हो गई।



# सोना 72,100 और चांदी लगभग 85 हजार

**नई दिल्ली।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत शुक्रवार को तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,100 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 91 रुपये की तेजी के साथ 71,730 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 490 रुपये की तेजी के साथ 72,129 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 262 रुपये की तेजी के साथ 84,761 रुपये पर खुलने के बाद 636 रुपये की तेजी के साथ 85,135 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,353.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,340.30 डॉलर था।` फिलहाल यह 17 डॉलर की तेजी के साथ 2,357.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.58 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.36 डॉलर था। फिलहाल यह 0.22 डॉलर की तेजी के साथ 27.58 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।**

देश के सभी शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है। राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल की कीमत 87.66 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.13 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.32 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर



और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# मारुति सुजुकी स्विफ्ट सबसे सफल कारों में शुमार

## -मासिक औसत बिक्री करीब 15 हजार यूनिट्स के आसपास

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी स्विफ्ट इस वक्त मार्केट में काफी पॉपुलर हैचबैक कार है। यह कंपनी की सबसे सफल कारों में शुमार है और अपनी बेहतरीन माइलेज के चलते खूब बिकती है। इसकी मासिक औसत बिक्री करीब 15 हजार यूनिट्स के आसपास है। दूसरी तरफ हम जिस कार की बात रहे हैं वह भी हर माह करीब 15-16 हजार यूनिट्स बिक रही है। हालांकि इन दोनों कारों की कीमत में करीब-करीब 2 लाख रुपये का अंतर है। स्विफ्ट की स्टार्टिंग एक्स-शोरूम कीमत 6.24 लाख रुपये हैं जबकि इस दूसरी कार की कीमत 8.15 लाख रुपये से शुरू होती है। दरअसल, हम जिस कार की बात कर रहे हैं वह टाटा मोटर्स की नेक्सॉन एसयूवी है। यह मौजूदा वक्त में कॉम्पैक्ट एसयूवी सेग्मेंट की एक सबसे बेहतरीन कार है। इसे ग्लोबल सेफ्टी रेटिंग एनकैप के तरह 5-स्टार मिला हुआ है। सेफ्टी के मामले में यह अपनी सेग्मेंट की इकलौती कार है। इस कार की मजबूती का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें मारुति की सबसे लोकप्रिय हैचबैक स्विफ्ट की तुलना में करीब-करीब डेढ़ गुना अधिक लोहे का इस्तेमाल किया गया है।

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक स्विफ्ट की कर्ब वेट 875 किलो है। टेक्निकल भाषा में कर्ब वेट का मतलब होता है केवल गाड़ी का वजन। इस वजन को लेते समय गाड़ी में न तो कोई व्यक्ति रहता और न ही उसमें कोई अतिरिक्त एसेसरीज होती है। दूसरी तरफ नेक्सॉन का कर्ब वेट है 1250 से 1300 किलो है। यानी स्विफ्ट की तुलना में करीब-करीब डेढ़ गुना अधिक लोहे का इस्तेमाल हुआ है। इस तरह से देखें तो नेक्सॉन में बलेनो की तुलना में करीब-करीब 400 किलो अधिक लोहे का इस्तेमाल हुआ है। मौजूदा समय में टाटा नेक्सॉन पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक तीन वर्जन में उपलब्ध है। वहीं, बहुत जल्द इसके सीएनजी वैरिएंट को भी लॉन्च किया जा सकता है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 8.15 लाख रुपये से शुरू होकर 15.80 लाख रुपये तक जाती है। इसके पेट्रोल मॉडल में 1.2 लीटर और डीजल में 1.5 लीटर का इंजन मिलता है।

# गो डिजिट के आईपीओ के लिए कीमत दायरा तय

**मुंबई।**

साधारण बीमा कंपनी गो डिजिटल जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने शुक्रवार को 2,651 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कीमत दायरा 258 रुपए से 272 रुपए प्रति शेयर तय किया। कर्नाडा के फेयरफैक्स ग्रुप के समर्थन वाली कंपनी ने कहा कि आईपीओ 15 मई को खुलेगा और इसके लिए 17 मई तक आवेदन दिए जा सकेंगे। बड़े यानी एंकर निवेशकों के लिए यह 14 मई को खुलेगा। गो डिजिट के प्रस्तावित आईपीओ के तहत 1,125 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर जारी किये जाएंगे। वहीं प्रवर्तक गो डिजिट इंफोवर्क्स सर्विसेज और मौजूदा शेयरधारक 1,490 करोड़ रुपए के 5.47 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। कीमत दायरे के उच्च स्तर पर आईपीओ का आकार 2,615 करोड़ रुपए बैठता है। कंपनी में गो डिजिट इंफोवर्क्स सर्विसेज की 83.3 फीसदी हिस्सेदारी है। नए निर्गम से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी के पूंजी आधार को बढ़ाने और सॉल्वेंसी मार्जिन को बनाए रखने तथा सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा कंपनी के निवेशकों में शामिल हैं। वे आईपीओ में कोई शेयर नहीं बेच रहे हैं।




# अप्रैल में नियुक्तियों की संख्या में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले अप्रैल में नियुक्तियों की संख्या में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह रोजगार के अवसरों में सुधार का संकेत है। एक रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में मुख्य रूप से उत्पादन और मैन्यूफैक्चरिंग, स्वास्थ्य सेवा, रसायन और उर्वरक,इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा सहित अन्य क्षेत्रों में ज्यादा लोगों को नौकरी पर रखा गया।वहीं रिटेल, आटोमोटिव, रियल एस्टेट, आइटी और तेल, गैस, बिजली उद्योगों ने कम लोगों को नौकरी पर रखा। वहीं कृषि आधारित उद्योग, शिपिंग समुद्री, एफएमसीजी, प्रिंटिंग, पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में नियुक्तियों में गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले स्टार्टअप की संख्या में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और स्टार्टअप ने भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। इन नई कंपनियों द्वारा नियुक्तियों की कुल संख्या में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# उपहार में दिए गए शेयर पर कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगेगा: बॉम्बे हाई कोर्ट

## - अदालत ने कर अधिकारियों द्वारा जारी किए गए पूनर्मूल्यांकन नोटिस रद्द किया

**मुंबई ।**

मुंबई के जय ट्रस्ट बनाम केंद्र सरकार से जुड़े एक मामले में बाम्बे हाई कोर्ट ने यह फैसला सुनाया कि कोई उपहार बदले में कोई राशि लिए जाने जैसे बिना शर्त वाले लेन-देन का मसला होता है, ऐसे में यह कैपिटल गेन टैक्स के दायरे में नहीं आता है। अदालत ने कर अधिकारियों द्वारा जारी किए गए पूनर्मूल्यांकन नोटिस को रद्द कर दिया जिसमें यह आरोप लगाए गए थे कि ट्रस्ट ने उपहार के रूप में शेयरों का ट्रांसफर कर एक विशिष्ट आयकर निर्धारण से बचने की कोशिश की। अदालत ने माना कि उपहार स्वैच्छिक तरीके से दिया जाता है और ऐसे में इसके बदले कोई रकम आदि पाने की आवश्यकता नहीं है। जिन चीजों के बदले कोई राशि हासिल होती है उसके आधार पर ही मुनाफे या लाभ को मापा जा सकता है। जिन पर कर निर्धारित किया जाना था उसने एक ट्रस्ट के नाते आमदनी पर शून्य रिटर्न दाखिल किया था जिसे स्वीकार करते हुए उसकी प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। दरअसल ट्रस्ट ने सरकारी सूचीबद्ध कंपनियों, यूनाइटेड फॉस्फोरस (यूपीएल) और यूनिफॉस एंटरप्राइजेज लिमिटेड (यूईएल) के शेयरों के ट्रांसफर नेरका केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (एनसीपीएल) में किए थे। यह ट्रांसफर उपहार के तौर पर किया गया था और इसके बदले कोई रकम हासिल करने की बात नहीं थी। इसके बाद ट्रस्ट को एक नोटिस मिला और इसने मूल्यांकन की प्रक्रिया फिर से शुरू होने पर अपनी आपत्ति जताई। हालांकि मूल्यांकन अधिकारी ने इसे खारिज कर दिया। ट्रस्ट ने इसे अदालत में एक रिट याचिका के जरिये चुनौती दी। अदालत ने यह माना कि पूंजीगत संपत्ति, ऐसी पूंजीगत संपत्ति का हस्तांतरण और इस तरह के हस्तांतरण से होने वाले मुनाफे की तीनों शर्तें पूरी होती हैं तब पूंजीगत लाभ के तहत आयकर लगाया जा सकता है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। इसी के साथ ही पिछले दिनों से जारी गिरावट पर भी अंकुश लग गया। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 260.30 अंक बढ़कर 72,664.47 पर बंद हुआ जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 97.70 अंकों की तेजी के साथ ही 22,055.20 पर बंद हुआ।



आज सेंसेक्स में 9 शेयरों में गिरावट आई जबकि बाकी के 21 शेयरों में बढ़त दर्ज की गयी। निफ्टी-50 में भी 38 शेयरों में तेजी और 12 शेयरों में गिरावट रही। आज निफ्टी एक बार फिर से 22 हजार से ऊपर निकल गया। वहीं गत कारोबारी दिन में यह 21,957.50 पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान पेट्रोलियम (बीपीसीएल) के शेयर सबसे अधिक 4.50 फीसदी बढ़े, इसके अलावा पावरग्रिड , एनटीपीसी, हीरो मोटोकॉर्प और आयशर मोटर्स निफ्टी-50 के लाभ वाले शेयर रहे। वहीं आईटी कंपनी टीसीएस के शेयर सबसे अधिक गिरे। टीसीएस के शेयरों में 1.65 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा सिप्ला , एलटीमाइंड्ट्री लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। वहीं ऑयल ऐंड गैस, मेटल और एफएमसीजी के शेयर उछले। फएमसीजी के शेयर 1.19 फीसदी ऊपर आये। निफ्टी मेटल में 1.54 फीसदी की तेजी रही। मेटल स्टॉक्स में आज हिंदुस्तान जिंक के शेयरों ने जबरदस्त 15.97 फीसदी की उछाल दर्ज की और 529 रुपये पर बंद हुआ। ऑयल ऐंड गैस के भी ज्यादातर शेयरों में भी बढ़त रही। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से` मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 270 अंकों की तेजी के साथ 72,683 पर कारोबार करता देखा गया। वहीं निफ्टी 22,046 के स्तर पर कारोबार कर रहा` था। बीएसई पर एनटीपीसी, पावर ग्रिड शीर्ष लाभ पाने वालों में से थे, जबकि इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक नुकसान वाले शेयरों में रहे। इसी तरह एनएसई पर बीपीसीएल, बजाज ऑटो टॉप गेनर्स पाने वालों में से रहे, जबकि इंफोसिस, ब्रिटानिया शीर्ष पर थे। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो हांगकांग, शंघाई और बैंकॉक के बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि टोक्यो और सियोल के बाजारों में तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुए थे।

# एलन मस्क ने कहा- अब एक्स पर पोस्ट कर सकते हैं फिल्म



**नई दिल्ली ।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने ऐलान किया कि सोशल मीडिया एक्स यूजर्स फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर मोनेटाइजेशन के जरिए आय अर्जित कर सकते हैं। अपनी बहन टोस्का मस्क जो स्ट्रीमिंग सर्विस पेशनफ्लिक की सह-संस्थापक हैं, से मस्क ने कहा` कि यूजर्स अब एक्स पर फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को आसानी से पोस्ट कर सब्सक्रिप्शन के जरिए मोनेटाइजेशन का फायदा उठा सकते हैं। टोस्का ने अगले पोस्ट में लिखा कि लोग अब एक्स पर फिल्म देख रहे हैं। यह काफी अच्छा है। कुछ यूजर्स ने इस दौरान मस्क को सलाह दी कि बिना सब्सक्रिप्शन लिए फिल्म देखने के लिए उन्हें एक वन टाइम फीस भी रखनी चाहिए। इसके अलावा मस्क ने अपने फॉलोअर्स को बताया कि एआई ऑडियंस फीचर जल्द ही आने वाला है। उन्होंने इस नए फीचर के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी मदद से आप ऐड के लिए अपनी टारगेट ऑडियंस तक जल्द ही पहुंच सकते हैं। हमारा एआई सिस्टम कुछ ही सेकंड्स में आपके ऐड के लिए उपयुक्त यूजर्स का एक पूल तैयार कर देगा। बता दें` कि एलन मस्क ने एक्स (पूर्व ट्विटर) को अक्टूबर 2022 में खरीदा था। तब से लेकर अब तक मस्क कंपनी का नाम बदलकर एक्स कर चुके हैं। इसके साथ ही कंटेंट पोस्ट करने पर मोनेटाइजेशन जैसे कई फीचर्स को प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।

# थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत कटौती की

**नई दिल्ली ।**


शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा` कि बायजू लिर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमश? 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है। उन्होंने कहा कि इस तरह पाठ्यक्रम शुल्कों में लगभग 30-40 प्रतिशत की कटौती की गई है। कंपनी के मूल्यांकन में भारी गिरावट आने से पैदा हुए वित्तीय संकट से उबरने की कोशिश में लगे रवींद्रन ने पाठ्यक्रमों की बिक्री करने वाली टीम का प्रोत्साहन बढ़ाने के साथ उनका सारा बकाया चुकाने का भी वादा किया है। बायजू ने कहा` कि औसत बिक्री वेतन 40,000 रुपये प्रति माह है। आप कुछ पाठ्यक्रमों की बिक्री करें और आप अपने वेतन के साथ बकाया वेतन भी निकाल सकते हैं। इस मॉडल से अपने सालाना वेतन पैकेज की कई गुना राशि कमा सकते हैं। उन्होंने घोषणा की कि बायजू के बिक्री सहयोगियों को बिक्री के अगले दिन ही पूरी प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खातों में मिलेगी, जबकि प्रबंधकों को कंपनी से इसका 20 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बायजू ने प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे बिक्री टीम को समर्थन और सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोच के रूप में कार्य करें। बायजू ने कर्मचारियों से कहा है कि वे किसी भी तरह के दुर्व्यवहार, जबरन बिक्री या प्रबंधकों के अशिष्ट व्यवहार की शिकायत सीधे उन्हें करें। इस घटनाक्रम के बारे में टिप्पणी के लिए बायजू को भेजे गए ईमेल का अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

# गोल्ड लोन पर 20,000 से अधिक नहीं मिलेगा कैश: आरबीआई

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गोल्ड लोने देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से कहा है कि इनकम टैक्स कानून के अनुसार गोल्ड लोन पर 20,000 रुपये से अधिक कैश का भुगतान न करें। आरबीआई ने इस हफ्ते की शुरुआत में गोल्ड लोन मुहैया कराने वाले फाइनेंसरों और माइक्रो फाइनांस को दी गई सलाह में इनकम टैक्स कानून की धारा 269 एसएस का पालन करने का निर्देश दिया है। मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार इनकम टैक्स एक्ट की धारा 269एसएस में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति पेमेंट के लिए बताए गए तरीकों के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति की ओर से की गई डिपॉजिट या लोन स्वीकार नहीं कर सकता है. इस धारा में कैश की मंजूर की गई लिमिट 20,000 रुपये है। आरबीआई की ओर से दी गई सलाह से कुछ सप्ताह पहले केंद्रीय बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस के निरीक्षण के दौरान कुछ चिंताएं नजर आने के बाद उसे गोल्ड लोन मंजूर करने या डिस्ट्रीब्यूट करने से रोक दिया था। आरबीआई की इस सलाह पर टिप्पणी करते हुए मणप्पुरम फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसमें कैश लोन देने के लिए 20,000 रुपये की लिमिट दोहराई गई है।

# भारतीय निजी इक्विटी, उद्यम पूंजी निवेश 2023 में 35 फीसदी घटा

**नई दिल्ली ।** भारतीय निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी निवेश बीते वर्ष करीब 35 प्रतिशत घटकर लगभग 39 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले 2022 में यह 62 अरब डॉलर था। बेन एंड कंपनी और आईवीसीए की हाल ही में जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार देश में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 2023 में 18 प्रतिशत घटकर 29.6 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले 2022 में यह 36 अरब डॉलर था। वहीं उद्यम पूंजी निवेश में गिरावट तेज रही। 2023 में कुल निवेश 9.6 डॉलर रहा जबकि 2022 में यह 25.7 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया है` कि यह वैश्विक रुख के अनुरूप है। भारतीय निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई-वीसी) निवेश 2023 में लगभग 35 प्रतिशत कम होकर 39 अरब डॉलर रहा। यह 2022 में लगभग 62 अरब डॉलर था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in